The Finance Bill (No. 2) 2024 ? Contd..(Passed)

HON. CHAIRPERSON: Shri Jagdambika Pal.

श्री जगदम्बिका पाल **(डुमरियागंज) :** सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे वर्ष 2024-25 के फाइनेंस बिल के समर्थन में मुझे बोलने का अवसर दिया है । मैं कल से सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के माननीय सदस्यों की बात फाइनेंस बिल के संबंध में सुन रहा हूं । मैंने देखा कि हमारे प्रतिपक्ष के साथी फाइनेंस बिल पर कम बोल रहे थे और राजनीति ज्यादा कर रहे थे । जब हम बजट पारित कर चुके हैं, विनियोग विधेयक को पारित कर चुके हैं और वित्त मंत्री जी ने बजट प्रस्तुत करते समय कहा था कि हमारे बजट में 9 प्राथमिकताएं होंगी ।

माननीय प्रधान मंत्री जी ने स्वयं कहा था कि इस देश में चार वर्ग हैं, चार जातियां हैं ? युवा, महिला, किसान, और गरीब । इन चार वर्गों के लिए नौ प्राथमिकताएं तय की गयीं, जो एक ?विकसित भारत? के लक्ष्य की दिशा में उस यात्रा को तेज करेंगी । आखिर, इस फाइनैंस बिल से हम बजट के संबंध में क्या उपाय करेंगे?? (व्यवधान) इस फाइनैंस बिल से हमने जो बजट प्रस्तुत किया है, उससे ?विकसित भारत? की 9 प्राथमिकताओं के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमारे टैक्स को सिम्प्लीफाई करना, जो टैक्सपेयर्स हैं, उनकी सर्विसेज़ में सुधार करना इत्यादि हैं ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: I request the hon. Members to please sit down.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please take your seats.

? (*Interruptions*)

वाणिज्य और उद्योग मंत्री **(श्री पीयूष गोयल):** महोदय, यहां वरिष्ठ नेतागण हैं, सांसद हैं। यहां गौरव गोगोई जी, सुदीप दादा हैं, मैं उनसे दरख्वास्त करूंगा । माननीय सांसद यहां खड़े होकर आपस में चर्चा कर रहे हैं ।? (व्यवधान) सुरेश जी इतने सीनियर हैं ।? (व्यवधान)

वे पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर हैं ।? (व्यवधान) पर, आप देखिए कि वहां क्या चल रहा है ।? (व्यवधान) मेरी दरख्वास्त है कि वरिष्ठ नेतागण अपने सांसदों को कम से कम यह बताएं कि पार्लियामेंट में किस तरह से बिहैव करना है ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Suresh ji, please sit down.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Gogoi Ji, please ask your colleagues to sit down.

? (*Interruptions*)

श्री जगदम्बिका पाल **:** मान्यवर, यह उनकी आदत है कि वे बोलते हैं और बोल कर चले जाते हैं । एक नयी परम्परा शुरू हुई है कि उनके बोलने के बाद उनके प्रश्नों या उनके ही बिन्दुओं का जवाब देने के लिए जब माननीय प्रधान मंत्री जी खड़े होते हैं तो ये लोग ?वेल? में आकर दो घंटे तक नारे लगाते हैं । इस तरीके की संसदीय परम्परा, जो राहुल गांधी के एल.ओ.पी. बनने पर हुई है, यह शायद हमारी संसदीय परम्परा और प्रणाली पर एक कुठाराघात है और यह देश को शर्मसार करने वाली घटना है ।? (व्यवधान) जिस तरीके से अनुराग ठाकुर जी के बोलने पर हस्तक्षेप किया गया, यह ठीक नहीं है ।? (व्यवधान) इस सदन का एक डिकोरम रहा है, यह देश का सर्वोच्च सदन है । ? (व्यवधान) अभी जैसा कि हमारे पीयूष गोयल जी ने कहा, इस तरह की परम्परा नहीं होती है । वे उप नेता हैं । मैं सभी से अपील कर रहा हूं कि अभी फाइनैंस बिल पर चर्चा हो रही है, इसमें सभी लोग भाग लें ।? (व्यवधान)

मान्यवर, जैसा कि मैं कह रहा था, इस फाइनैंस बिल का मकसद केवल यह है कि हमने जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें 9 प्राथमिकताओं के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किया गया है । ?विकसित भारत? का संकल्प माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारी सरकार का एक संकल्प है । इसको प्राप्त करने के लिए हम इस फाइनैंस बिल के माध्यम से काम कर रहे हैं । वर्ष 2024-25 का टैक्स स्ट्रक्चर क्या होगा, टैक्स का सिम्प्लीफिकेशन किस तरीके से होगा, टैक्सपेयर्स की सर्विसेज़ में किस तरीके से सुधार होगा, जो अनावश्यक लिटीगेशन्स होते हैं, उनको कैसे कम किया जाए, इसका लगातार प्रयास किया जा रहा है ।

मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि यह कितना बड़ा अचीवमेंट है कि आज जब हम सिम्प्लीफिकेशन ऑफ टैक्सेज़ की बात करते हैं तो आज जब इस फाइनैंस बिल पर चर्चा हो रही है तो इसमें जो टैक्सेशन सिस्टम की रूपरेखा है, तो वर्ष 2022-23 में जो टैक्सेशन सिस्टम था, उसकी तुलना में यह बजट टैक्सेशन सिस्टम को 58 प्रतिशत सिम्प्लीफाई करेगा, जो अपने आप में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा कि 58 प्रतिशत का सिम्प्लीफिकेशन होने जा रहा है ।

13.00 hrs

यह जो वर्ष 2022-23 के कॉर्पोरेट टैक्स का सरलीकरण हो रहा है, यह उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में, दो तिहाई से अधिक जो टैक्स पेयर्स हैं, उनके लिए नई पर्सनल टैक्स की जो स्कीम आई है, उसका विकल्प चुना था । वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में, जो भारत का एक वित्तीय परिदृश्य है, उसको बढ़ाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण बदलाव भी पेश किए गए हैं ।

13.01 hrs

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

इसमें प्रमुख रूप से जो हाइलाइट्स हैं, वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए टैक्स स्लैब में संशोधन किया गया है । यह शायद पहली बार हुआ होगा कि आज इस बजट में और वर्ष 2024-25 के इस फाइनेंस बिल पर चर्चा कर रहे हैं, देश के वेतनभोगी कर्मचारियों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करने के लिए जो नई कर व्यवस्था लागू की गई है या उसकी जो संरचना हुई है, उसको संशोधित किया गया है । अब सभी वेतनभोगी, हमारे जो देश के कर्मचारी हैं,

उनको 17,500 रुपये का लाभ होगा । यह अपने आप में निश्चित तौर से एक बड़ा कदम है, जो सरकार ने उठाया है । इस संशोधन का उद्देश्य है कि जो मध्यम वर्ग के लोग हैं, उनके लिए कर प्रणाली को उपयोगी बनाया जाए, उनके अनुकूल बनाया जाए और उसका अनुपालन कर के करदाताओं पर वित्तीय बोझ कम किया जाए, इस तरीके की रचना की गई है और यही इसके अमेंडमेंट में है । इससे उद्देश्य का परिणाम होगा कि व्यवस्था भी सरल होगी । जो वेतनभोगी कर्मचारी हैं, उनके साथ पेंशनभोगियों को भी काफी राहत दी गई है, जिसको मैं अभी आपसे कहूंगा । इस तरीके से डिस्पोजल आय वालों को भी बढ़ाना । देश की समग्र आर्थिक इकाई को भी लाभ पहुंचा है । मैं इसमें आपसे कहना चाहता हूँ कि जो वर्ष 2024-25 का हमारा फाइनेंस बिल है, इसमें सबसे पहला बिंदु टैक्स रिफॉर्म है, दूसरा इकोनॉमिक ग्रोथ है, फिर इन्फ्रास्ट्रक्चर की चीज़ें हैं । टैक्सेशन में किस तरह की ट्रांसपेरेंसी हो या हमारे टैक्स के स्ट्रक्चर में एक ट्रांसपेरेंसी की व्यवस्था हो । जितनी भी सोशल वैलफेयर की स्कीम्स हैं, चाहे वह हेल्थ है, एजुकेशन है, इन सारे पैरामीटर्स पर हम काम करेंगे । इस संबंध में हमने जो प्रयास किया है, मैं आपसे कहना चाहता हूँ ।

महोदया, जब कल हमारे निशिकांत जी बोल रहे थे, तो उन्होंने उस समय के वित्त मंत्री का नाम ले लिया, लेकिन मैं कहता हूँ कि सच्चाई क्या है । इनकम टैक्स एक्ट, 1961 के सैक्शन 56(2) में किस सन् में एंजिल टैक्स लगा और उस एंजिल टैक्स का क्या परिणाम हुआ? उस परिणाम पर सरकार ने फिर क्या कदम उठाए थे? इसकी चर्चा तो सदन में होगी । आज प्रधान मंत्री जी ने यह ऐतिहासिक फैसला किया है, एंजिल टैक्स को खत्म नहीं किया है, देश के युवाओं के स्टार्ट-अप, एम्पलॉयमेंट, निवेश को बड़ी राहत मिली है और देश को फायदा मिलेगा । इनकम टैक्स, 1961 के सैक्शन 56(2) में, वर्ष 2012 में जब उनकी सरकार थी, उस समय कौन वित्त मंत्री था, मैं इसकी चर्चा नहीं करता हूँ, लेकिन उस समय एक एंजिल टैक्स लगाया गया कि अगर कोई युवा स्टार्ट-अप शुरू करेगा, कोई युवा उद्यमी निवेश करेगा, तो वह मार्केट से, फाइनेंशियल इंस्टिट्यूशन से या बैंक से स्टार्ट-अप के लिए अगर पूंजी लेगा, तो उसको एंजिल टैक्स 30 पर्सेंट देना पड़ेगा । उसका नतीजा क्या हुआ कि पूरे देश की एमएसएमई सैक्टर क्राइसिस में आ गई । कोविड के दौरान जब पूरी दुनिया क्राइसिस से जूझ रही थी, दुनिया के सामने ब्रेड एण्ड बटर का संकट हो गया था, उस समय भी हमारी सरकार ने प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में फाइनेंशियल इंस्टिट्यूट्स को तीन लाख करोड़ रुपये की सहायता की थी । आज उसी का नतीजा है कि एमएसएमई सैक्टर रिवाइव हो गया है और एमएसएमई सैक्टर आज देश के लोगों को रोज़गार दे रहा है । एमएसएमई का कोई व्यक्ति, कोई युवा, कोई नौजवान जब वह रिबेट लेता है, तब वह अपने प्रोजेक्ट का एक डीपीआर बनाता है । अब उसने उसके अगेन्स्ट बैंक या कहीं मार्केट से लोन लिया, अगर उस पर 30 परसेंट का टैक्स एंजेल टैक्स के रूप में कट जाएगा तो स्वाभाविक है कि उसका प्रोजेक्ट पूरा नहीं होगा । हमारे, आपके या प्रतिपक्ष के क्षेत्र में भी रोज ऐसा होता है कि हमने इतने करोड़ रुपये की पूंजी ली थी । हमने राइस मिल खड़ी कर दी । अब राइस मिल का काम पूरा नहीं हो रहा है, क्योंकि 30 परसेंट एंजेल टैक्स दे दिया । अब अगर उसने घर की पूंजी लगा कर राइस मिल लगा दी, तो उसके पास वर्किंग कैपिटल नहीं होगा, ताकि वह किसानों से धान खरीद सके और फिर चावल बना कर बेच सके । अब एक नौजवान ने लोन ले लिया । बैंक का ईएमआई चलने लगा । उसके एंजेल टैक्स के कारण वह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ । उसके पास वर्किंग कैपिटल नहीं है । आज तक यह एंजेल टैक्स नहीं हटा । इस देश के युवा उद्यमियों का स्टार्टअप सफल होगा और उनको कैपिटल भी मिलेगा । अब उनका प्रोजेक्ट भी पूरा होगा । आज इस एंजेल टैक्स को समाप्त करने से यह लाभ हुआ है । यह स्वाभाविक है कि आज इतना बड़ा कदम उठाया गया है, उस एंजेल टैक्स पर भी बात की जा रही है । उस पर 30 परसेंट लग रहा है । यह किसी भी स्टार्टअप के लिए ठीक नहीं था ।

आज हमारी सरकार ने कहा कि हम थर्ड इकोनॉमी बनाएंगे । क्या थर्ड इकोनॉमी अपने-आप बनती है? 10 साल पहले हम दुनिया के 11 वें पायदान पर खड़े थे । आज उस अर्थव्यवस्था में 10 वर्षों में कोविड की क्राइसिस भी

आई । जब सारी जगह निवेश घटने लगा । कांग्रेस पार्टी के हमारे जो अमर सिंह जी थे, वह हमारे दोस्त हैं । उन्होंने कहा कि एफडीआई नहीं आ रही है । एफडीआई डिक्रीज हो रही है । एफडीआई का निवेश नहीं हो रहा है । इस पर मैं आगे बताऊंगा । जिस तरीके से तृणमूल कांग्रेस की हमारी बहन ने कहा, आज एफडीआई आती है, आज जिस तरीके से उस क्राइसिस के बाद हम 11 वें पायदान से पाँचवे पायदान पर पहुंचे हैं । आज अगर दुनिया की टॉप फाइव इकोनॉमी बनी है, जिस समय वर्ष 2014 में मोदी जी प्रधानमंत्री बने थे, उस समय इसी पार्लियामेंट में डिसकस होता था, हम लोग सदस्य थे, कि आज भारत की टॉप फाइव फ्रेजाइल इकोनॉमी की चर्चा होती है । भारत की इकोनॉमी टॉप में नहीं, बल्कि फ्रेजाइल है, मतलब चरमराती हुई, टूटती हुई अर्थव्यवस्था थी । यहां के जिन लोगों ने अपनी पूंजी निवेश कर रखी थी, उन्होंने भी विदड्रॉ कर लिया ।? (व्यवधान)

सभापति जी, अभी तो मेरी बात शुरू हुई है । आप कृपा कीजिए । वह टॉप फाइव फ्रेजाइल से टॉप फाइव इकोनॉमी में आया है । इसके लिए भी मैं अपनी सरकार के प्रयास को बधाई दूंगा । हम यहीं नहीं रुकने वाले हैं । वर्ष 2027 में हम इसको दुनिया की टॉप थर्ड इकोनॉमी बनाएंगे । इसी तरह के फैसलों से जब हम टैक्स रिफॉर्म्स से लेकर एंजेल टैक्स को खत्म कर रहे हैं, उसी तरीके से बनाएंगे ।

मैं आपसे कहना चाहता हूं । Dr. Amar Singh talked about FDI. He said, ?FDI in India is low in the last few years?. But what about the actual figures of FDI? I want to show the figures.

सभापति जी, आप देखें कि वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक एफडीआई कितना था, तो भारत में 408.79 बिलियन डॉलर था, जब कांग्रेस यूपीए की सरकार थी, वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक हमारे पास 408.79 बिलियन डॉलर एफडीआई था । आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में 408.79 बिलियन डॉलर से बढ़कर 667.41 बिलियन डॉलर हो गया है । यह हमारे देश की एफडीआई है । एफडीआई के विषय में जिस तरीके से बात आ रही है, उसके संबंध में भी मैं कुछ कहना चाहता हूं कि एफडीआई किस तरीके से आ रही है । जब कोविड था, उस समय भी जब पूरी दुनिया में एफडीआई कम हो रहा था । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि भारत में उस समय भी 13 परसेंट था । आप याद कीजिए कि जब चाइना के वुहान से कोविड के वायरस ने पूरी दुनिया को अपने आगोश में ले लिया था, उस समय लोग चाइना से निकलने लगे थे । तब उन्होंने जापान को नहीं चुना, कोरिया को नहीं चुना, यूरोप को नहीं चुना । सबसे ज्यादा एफडीआई इंडिया में आने लगा । उस समय भारत में यह रिकॉर्ड है कि 13 परसेंट एफडीआई आया । चाइना में केवल चार परसेंट, इंग्लैंड में 100 परसेंट एफडीआई कम हुआ । यह स्थिति एफडीआई की थी ।

आज पूरी दुनिया के इन्वेस्टर्स में विश्वास है । दावोस के आर्थिक सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत निवेश के लिए सबसे सुरक्षित है । भारत में सुरक्षा भी है । भारत में निवेश करने का अवसर भी है । आज पूरी दुनिया के लोगों को विश्वास हुआ है । आज उसी कारण दुनिया में एफडीआई का सबसे फेवरेट डेस्टिनेशन भारत बना है । यहां नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार है ।? (व्यवधान)

महोदया, मुझे और पाँच मिनट का समय दे दीजिए । आज आप देखें कि हमने टीडीएस में किस तरीके से कम किया है । मैं दो ही बिंदू कहूंगा । मैं पूरे फाइनेंस बिल पर नहीं कहूंगा । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य से मैं आग्रह कर रही हूं कि आप अपनी बात समाप्त कीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल **:** महोदया, मुझे दो मिनट का समय दीजिए । अभी तक इंश्योरेंस, लॉटरी और हाउस रेंट पर ऑनलाइन खरीदारी होती थी । पहले टीडीएस पाँच परसेंट कटता था ।

इसमें एक बहुत बड़ा एक बैरियर था । मैं जल्दी-जल्दी कह देता हूं कि टीडीएस में, सैक्शन 194 डी में, payment of insurance commission in case of other than company जो आज तक 5 पर्सेंट टीडीएस कट रहा था, उसको इस बार 2 पर्सेंट किया है । मैं इसके लिए सरकार को बधाई दूंगा ।

सैक्शन 194 डी(ए) में, payment in respect of Life Insurance Policy. We are all affected. We are all related to the Life Insurance Policy. इसका 5 पर्सेंट टीडीएस था, वह 2 पर्सेंट हो गया, मैं इसके लिए भी बधाई देता हूं । On commission on sale of lottery ticket, इसके लिए भी 5 पर्सेंट टीडीएस था, वह 2 पर्सेंट हो गया है । Section 194H - Payment of commission on brokerage यह भी 5 पर्सेंट था । Payment of rent by certain individuals or Hindu Undivided Family इस पर भी 5 पर्सेंट टीडीएस था, जो अब 2 पर्सेंट हो गया है । Payment of certain sums by certain individuals or Hindu Undivided Family यह भी 5 पर्सेंट से 2 पर्सेंट हुआ । सबसे महत्वपूर्ण सैक्शन 194 (ओ) में अमेंडमेंट हुआ है । 194-O ? Payment of certain sums by e-commerce operator हम कहीं से खाना मंगाते थे, तो उस पर भी हमारा 1 पर्सेंट टीडीएस कटता था । आम कॉमन मैन को, घरों में चाहे फ्लिपकार्ट को, एमेजॉन को या कहीं से कोई सामान या खाना मंगा रहे हैं, उस पर अभी तक 1 पर्सेंट टीडीएस कटता था । इसे 1 पर्सेंट से घटाकर 0.1 पर्सेंट किया गया है । निश्चित तौर से इससे देश के आम उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा ।

मैं पेंशन के संबंध में कहना चाहता हूं । अभी तक पेंशनर्स के लिए 10 पर्सेंट डिडक्शन का प्रोविजन था । मैं कोई राजनीतिक बात नहीं कर रहा हूं । अब वर्ष 2024 के बजट में इसको बढ़ाकर 14 पर्सेंट कर दिया गया है । इससे रिटायरमेंट के बाद पेंशनर्स को एक बड़ा निवेश मिलेगा, उनकी सुरक्षा बढ़ेगी ।

मैडम, आप इस पर मेरी बात सुन लीजिए । Now, there is an increase in deduction on employer contribution to pension scheme. Section 80CCD provides a deduction for the employers? contribution to the pension scheme upto 10 per cent. Budget 2024 has now increased the deduction limit to 10 to 14 per cent of the salary of an employee during the previous year. In the same way, on STT on futures and options, there is a tax. Then, there is reporting of ITR. मैं आखिरी बात कहकर खत्म कर रहा हूं । मुझे कहा गया था कि आधा घंटा मिलेगा, अभी तो शायद 7-8 मिनट हुए होंगे । मैं फॉरेन कंपनीज़ के बारे में आपको बताना चाहता हूं कि लोग क्यों इनवेस्ट नहीं करते थे । उनको लगता था कि यहाँ सिंगल विंडो नहीं है । भारत के तमाम रूल्स, एंड रेग्युलेशंस हैं । इसके लिए भी मैं बधाई दूँगा कि इस तरह के तमाम रूल्स एंड रेग्युलेशंस को खत्म किया है । आज फॉरेन इंवेस्टमेंट के लिए जो फॉरेन कंपनीज़ हैं, उनकी नेट इंकम, उनके प्रॉफिट पर जिस तरीके का टैक्स लगता था, उसको भी 40 परसेंट से घटाकर 35 परसेंट किया है । जिसके कारण इतना बड़ा निवेश बढ़ रहा है कि आने वाले दिनों में दुनिया में भारत से ज्यादा कहीं निवेश नहीं होगा । आप इसका समर्थन करें । आज यह फाइनेंस बिल जिस तरीके से आया है, इस फाइनेंस बिल पर मैं समझता हूँ कि आने वाले दिनों में भारत निश्चित तौर से, चाहे अपने टैक्स सिंपलीफिकेशन से और तमाम काम उन्होंने किए हैं, उससे बहुत लाभ होगा ।

मैं कैपिटल गेन की बात कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं । शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन हुआ, लांग टर्म कैपिटल गेन हुआ और लांग टर्म कैपिटल गेन में जो सिक्योरिटी बांड है या जो म्युचुअल फंड है, उनकी जो सिक्योरिटीज की प्रतिभूतियाँ थीं, अभी तक उनकी होल्डिंग कैपेसिटी केवल 12 महीने की थी । उनको 12 महीने के बाद रिनुअल करना पड़ता था । अब गवर्नमेंट ने बढ़ाकर इसे 2 साल कर दिया है । उससे लांग टर्म कैपिटल गेन में उन लोगों को बहुत बड़ा फायदा होगा । दूसरा, निम्न मध्यम वर्ग के लोगों को इससे लाभ होगा कि अब जो लांग टर्म कैपिटल गेन है, उसमें 1 लाख रुपये की जगह पर 1.25 लाख रुपये का लाभ मिलेगा । जो पहले 10 परसेंट टैक्स था, उसको 12.5 परसेंट किया, यह इसलिए संभव हो पाया है कि आज प्रधानमंत्री चाहते हैं आधुनिक विकसित सोच का भारत बने । हम डिजिटल इंडिया की बात करते हैं । आज ये सारी चीजें हमें मिली हैं, इसलिए कि डिजिटल ट्रांसफर्स हो रहा है । डिजिटल माध्यम से इन कामों को हम कर रहे हैं, पहले ब्रोकर के पास जाना पड़ता था, वह भी पैसा लेता था और सारी चीजें लेता था, चाहे एलआईसी हो, शेयर मार्केट हो, एसबीआई हो । मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री हमदुल्लाह सईद **(लक्षद्वीप) :** सभापति महोदय, जब से पार्लियामंट का सेशन शुरू हुआ है तब से मैं जीरो ऑवर के लिए नोटिस लगा रहा हूं लेकिन आज मुझे बोलने का मौका मिला है ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, मैं आपसे निवेदन कर दूं कि यह जीरो ऑवर नहीं है, फाइनेंस बिल पर चर्चा है ।

श्री हमदुल्लाह सईद **:** सभापति महोदय, मैं जानता हूं, फाइनेंस बिल पर ही बोल रहा हूं । मैं यह बता रहा हूं कि जीरो ऑवर के लिए रोज नोटिस लगता था, लेकिन मेरा नाम नहीं आया । मैं आज बहुत खुश हूं कि फाइनेंस बिल पर बोलने का मौका मिला ।

माननीय सभापति : आप निर्धारित समय में कम्पलीट कीजिएगा ।

श्री हमदुल्लाह सईद **:** सभापति महोदय, जैसे सभी माननीय सदस्यों को समय देते हैं, वैसे ही मुझे भी टाइम देंगे, इसका मुझे पूरा विश्वास है ।

Madam, I would like to thank my leader, Shri Rahul Gandhi ji, Leader of Opposition and my Party, Indian National Congress, for giving me an opportunity to speak in this august House on Finance Bill.

This is my second term in the Lok Sabha. I would also like to thank the people of my constituency who have elected me. I represent Lakshadweep parliamentary constituency. I have gone through the General Budget and read the speech of the Finance Minister.

The Finance Bill is essential for implementing the budget proposals. It is a legislative proposal, detailing the Government?s plans and financial measures. It encompasses the Government?s fiscal policies, taxation, expenditure, borrowing etc. for the financial year. Article 110 of the Constitution of India has classified it as

a Money Bill and it is designed to achieve macroeconomic stability, promote growth and ensure equitable distribution of resources.

Madam, when we talk about taxation, there are two kinds of taxation. One is direct tax and the other one is indirect tax. Income tax, house tax, property tax, gift tax ? all of them come under direct tax as they are directly taken from the individual or citizen of this country. Indirect taxes are all taxes which do not fall under direct taxes.

If we look into the income tax slab, from Rs.0 to Rs.3,00,000, there is no taxation. From Rs.3,00,000 to Rs.7,00,000, there is 5 per cent taxation. From Rs.7,00,000 to Rs.10,00,000, there is 10 per cent taxation. From Rs.10,00,000 to Rs.12,00,000, there is 15 per cent taxation. From Rs.12,00,000 to Rs.15,00,000, there is 20 per cent taxation and from Rs.15,00.000 and above, the taxation is 30 per cent. If we look at the revenue generated by the Government from individual taxation, it is more than that of corporate taxes.

We are talking about the common man. Giving solace to the common man should be the motto of any Government. The present Government has given more leverage to the corporates and it has given relaxation in corporate tax. I would urge and request the Government to look into it. That should be taken into account at the time of formulating the Budget or formulating the Finance Bill.

Madam, with regard to generation of revenues, as I mentioned, it is more from the income tax than the corporate tax. Therefore, there should be a relook on this. The Government should have a relook on this.

Indexation has been completely removed. It will affect the individuals because it is going to be a big problem for everyone. Earlier, indexation was provided. Now, it has been removed. As far as short-term capital gain tax is concerned, it has been increased from 15 per cent to 20 per cent. It should be relooked. Long-term capital gain tax has also been increased from 10 per cent to 12.5 per cent. It should also be relooked and it should be withdrawn. This is my suggestion.

I would also like to speak about health and life insurance. As far as India is concerned, it has a huge population of 140 crore people. Nearly 60 per cent of this population have taken health insurance and life insurance. You have increased GST on health and life insurance. This is a burden on the common man?s pocket. The Government should think on this and try to reverse this. It should reduce GST on health and life insurance.

I come from Lakshadweep. There is only one Member of Parliament from Lakshadweep. I would also like to highlight a few issues which are directly related to my constituency. This Budget has given nine priorities for a Viksit Bharat. What are these priorities? They are: productivity and resilience in agriculture. That is a priority of the Government for a Viksit Bharat.

In Lakshadweep, the Agriculture Department wound up. It has been completely closed down. The staff of the Agriculture Department has been attached to some other department. Similarly, the Animal Husbandry Department has been closed down. The staff which has been attached to this Department has been deployed in some other department.

In Lakshadweep, our coconut is 100 per cent organic. We do not require certification. We already have an organic certification.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude.

? (*Interruptions*)

SHRI HAMDULLAH SAYEED: Madam, this is only three minutes. You should not be prejudiced sitting on the Chair. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please complete your speech.

SHRI HAMDULLAH SAYEED: You had given him 10 minutes. I have seen my watch.

HON. CHAIRPERSON: Please complete your speech.

SHRI HAMDULLAH SAYEED: As far as agriculture is concerned, 100 per cent organic coconut is being produced without using any chemical or fertilizer or pesticide. Earlier, when the UPA Government was in power, NAFED used to purchase that and help the farmers in giving them a good price. But, today, the Agriculture Department has been wound up. I feel, that this is totally contradictory to the Government?s first priority in the Budget which talks about productivity and resilience in agriculture.

As far as the Fisheries Department is concerned, we have the best tuna canning factory in Lakshadweep where the fish is processed, canned, and exported. Now, that has been completely wound up on the pretext that it is a loss-making unit. If it is a loss-making unit, how did it work for so many decades? All of a sudden, it

becomes a loss-making unit. The Government should take note of this and ensure that the tuna canning factory is restarted.

The most burning issue of Lakshadweep today is the land issue. Ever since Lakshadweep became a Union Territory under the States Reorganisation Act of 1956, the land issues of Lakshadweep are being regulated as per the Land Revenue and Tenancy Regulation, 1965, and subsequent rules which were notified in 1968. So, based on these rules or laws, the land is being regulated in Lakshadweep. Today, on the pretext of development, the Lakshadweep Administration is acquiring land without giving any proper notice, without taking consent of the land owners, and without giving compensation to the land owners. Any development which has to be done in a particular area has to be in consonance, in consent, and with the concurrence of the local people. There should not be any acquisition without the consent or the concurrence of the local people. The development is for the people and it should be in consonance with the ideas and views of the people. Just for the sake of doing development, the Government should not use it as a weapon to target or subjugate the people. This is my submission.

The land has been classified into various categories like Pandaram, Janmam, and so on. As far as the Pandaram land is concerned, the Government is claiming that this land belongs to the Government. पिछले 150 साल से हमारे पूर्वज इस जमीन पर एंज्वाय कर रहे हैं, इससे जो हमें मिलता है, उसे हम यूज़ कर रहे हैं । लक्षद्वीप प्रशासन ने एक दम से नोटिफाई कर दिया है कि यह सारी जमीन सरकार की है । सरकार की कैसे हो गई? पिछले 150-200 साल से लोग रह रहे थे । डेवलपमेंट लोगों के लिए है, लोग जिस पर सहमत हों, उस पर डेलवपमेंट होनी चाहिए । अपनी मर्जी से डेवलपमेंट के मुद्दे ला रहे हैं, हमें इस तरीके की डेवलपमेंट की जरूरत नहीं है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं ।

अब मैं बेरोजगारी की बात कहना चाहता हूं । बजट की दूसरी प्रॉयरिटी एम्पलायमेंट और स्किलिंग है । आप एम्पलायमेंट और स्किलिंग को निकाल दीजिए, इसकी जगह बजट की प्रॉयरिटी अनएम्पलायमेंट और अनस्किलिंग कर दीजिए । क्यों? क्योंकि बेरोजगारी में करीब 1200 परमानेंट पोस्ट्स वैकेंट हैं, अभी तक कुछ नहीं किया गया है, जबकि 750 पोस्ट एबालिश करने के लिए कह दिया है और साथ ही 4000 लोगों को डिसएंगेज कर दिया है । क्या आप नौजवानों को नौकरी नहीं देंगे? पोस्ट्स हैं, ऐसा नहीं है कि पोस्ट्स क्रिएट करनी हैं । 1200 पोस्ट्स हैं, इसे आप फिलअप कीजिए । 4000 पोस्ट्स कांट्रेक्चुअल और लेबर इम्लपाइज़ की डिसएंगेज हैं, आप उनको लगाइए । आप उनको लगाने के बजाय रिट्रेंच कर रहे हैं, निकाल रहे हैं और उसके बाद आप बोलते हैं कि बजट में एम्पलायमेंट और स्किलिंग प्रॉयरिटी है ।

मैडम, बजट की प्रॉयरिटी में सातवां नंबर इन्फ्रास्ट्रक्चर का है । शिपिंग एंड पोर्ट इसमें आता है ।

हमें रेलवे की जरूरत नहीं, हम पानी में हैं, हमें रोडवेज की जरूरत नहीं, हम पानी में हैं । पिछले 10 सालों में एक भी नया जहाज लक्षद्वीप में नहीं आया । 10 शिप चल रहे थे, उनमें से अभी केवल 3 शिप चल रहे हैं । 7

शिप नहीं चल रहे हैं । Who is responsible for this? Kindly note that timely dry docking and maintenance of ships is important. ऑनलाइन टिकटिंग कर रखा है । पूरे भारत में रेलवे का टिकट यदि आज मुझे लेना हो, तो मैं ऑनलाइन भी ले सकता हूं, ऑफलाइन भी ले सकता हूं । हमारे लक्षद्वीप प्रशासन ने यह कर दिया कि सब ऑनलाइन करो । जो कम्प्यूटर नहीं जानता, जो टैक्स-पेयी नहीं है, वह कैसे खरीदेगा? इसमें हैकिंग होती है । इस पर सरकार, लक्षद्वीप प्रशासन, मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स संज्ञान ले, हमारा संघ राज्य क्षेत्र है । जैसा पहले होता था, वैसा ही करें । इसके अलावा लक्षद्वीप में मेडिकल फैसिलिटीज के लिए मरीजों को एयरलिफ्ट किया जाता है । हेलीकॉप्टर सर्विस है । लोग कहते हैं कि अभी हम लक्षद्वीप को टूरिज्म में प्रमोट करेंगे । लक्षद्वीप में एयरपोर्ट आने के बाद वैसे ही यह ग्लोबल मैप में आ गया था । 1997 में जब कांग्रेस सरकार थी, तो वह एयरपोर्ट लेकर आई । लक्षद्वीप एक ही एयरपोर्ट है, जो ग्लोबल मैप में आ चुका है । मेडिकल फैसिलिटीज में, हेलीकॉप्टर में जब आप इवैकुएट करते हैं, अभी प्रशासन का नया प्रपोजल है कि मैंगलूर भेजेंगे । हमारे सारे मरीज हेल्थ इंश्योरेसं कोचीन, कालीकट में लेते हैं । मैं मैंगलूर के खिलाफ नहीं हूं । इससे हमारा बहुत पुराना रिश्ता है, लेकिन वहां पर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से इलाज करना मुश्किल है । हमारे लोगों ने हेल्थ इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस यहां लिया हुआ है, तो एयरलिफ्ट हेलीकॉप्टर यहां लेकर आना चाहिए, लेकिन आप वहां लेकर जा रहे हैं । आप परेशान करने के लिए उल्टा काम कर रहे हैं । 5 लाख हेल्थ इंश्योरेंस मिलता था, जिसे खत्म कर दिया । इसके अलावा आपने जीएसटी, हेल्थ इंश्योरेंस, लाइफ इंश्योरेंस बढ़ा ही दिया ।

माननीय सभापति **:** आपका समय पूरा हो गया है । अब आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री हमदुल्लाह सईद : मैडम, दो मिनट में खत्म कर रहा हूं । हमें आपका संरक्षण चाहिए । You are sitting in the Speaker?s Chair. आंद्रोट 739 में एक भी ब्रेक वाटर नहीं है । आंद्रोट में स्टॉपेज ब्रेक वाटर का प्रपोजल था, जिसे जल्द से जल्द इनीशिएट किया जाए । पिछले 10 सालों में एक भी टेट्रापोड, एक भी पत्थर हार्बर डिपार्टमेंट का नहीं लगा । कलपेनी में लोग शिप से उतरने के बाद बोट से, जेट्टी में मैट लगाने के बाद कूदते हैं । क्यों, पिछले 10 सालों में एक भी पत्थर, एक भी बोल्डर या टेट्रापोर्ट नहीं लगा । क्यों नहीं लगा? ये तो वही जानें । सीआरजेड रिलैक्सेशन की बात करें, कोस्टल रेग्युलेटरी जोन, सी इरोजन और बीच इरोजन की वजह से मिट्टी समुद्र में चली जाती है, तो बीच और सी इरोजन होता है । इसकी वजह से जो दिक्कत आती है, उसमें सीआरजेड कौशल रेगुलेटरी जोन को रिलैक्स करने की बजाय ये बोलते हैं कि आपका घर बना हुआ है, शेड बना हुआ है, जो किनारे पर है, इसलिए यह सीआरजेड को वॉयलेट करता है? क्यों वॉयलेट करता है? क्योंकि सी इरोजन और बीच इरोजन हुआ । यह मैन मेड नहीं है, गॉड मेड है । इसके लिए पोर्ट में और किनारे पर आपको हार्बर डिपार्टमेंट लगाने की जरूरत थी, जो कि नहीं किया गया ।

मैडम, सबसे महत्वपूर्ण है कि लक्षद्वीप प्रशासन के कर्मचारियों को एमएसी भी अभी तक अवार्ड नहीं किया गया, जिसे जल्द से जल्द किया जाए । क्यों नहीं किया जा रहा है? Gratuity Act, 1972 के तहत आंगनवाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स और आशा वर्कर्स को पैसा नहीं दिया । पूरे भारत में इसको दिया जा रहा है, लेकिन हमारे यहां नहीं दिया जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट का इस पर एक जजमेंट है- The Anganwadi workers, helpers and ASHA workers are working all over India like a regular employee with meagre honorarium. They shall carry out the survey within their area of duty and shall update the records regularly. It is as per the judgment of the hon. Supreme Court in a Civil Appeal of 2022 and 2017 titled Maniben Maganbhai Bhariya v. District

Development Officer Dahod & others. ये सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट है । सिविल अपील नंबर 22, वर्ष 2017, मनीबेन, मगनभाई, भारिया और जिला डेवलपमेंट अधिकारी दाहौद एंड अदर्स । The hon. Supreme Court of India, in its judgment dated 25th August, 2022 has directed the State of Gujarat to extend the benefits of gratuity envisaged under the Payment of Gratuity Act, 1972. अत: मैडम, मैं अपनी बात खत्म करता हूं । मैं फाइनेंस बिल पर बोलने के लिए खड़ा हुआ था । I oppose this Bill because it requires a lot of relooking into the policies formulated, which are anti-people, anti-Lakshadweep, and anti-poor. Thank you.

श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर (मुम्बई उत्तर-पश्चिम) : सभापति महोदया, आज फाइनेंस बिल पर हो रही चर्चा में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं प्रधानमंत्री जी और वित्त मंत्री जी को भी बधाई देता हूँ । मैं एक कोट के माध्यम से इस फाइनेंस बिल और बजट को समराइज करता हूँ-

?The Budget reflects a choice - not an easy choice, but the right choice. And, when you think about it, the only choice, the choice to take the responsible, prudent path to fiscal stability, economic growth and opportunity.?

महोदया, आज हम जो 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हम बहुत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं । मैं आपको बताना चाहता हूँ की महाराष्ट्र राज्य को केंद्र सरकार ने क्या दिया है । केंद्र सरकार ने मुंबई, नासिक, पुणे और नागपुर इन चारों शहरों का विकास किया है । महाराष्ट्र में सड़कों के लिए 75,000 करोड़ रुपये की निधि दी गई है । रेलवे के लिए 2.10 लाख करोड़ रुपये की निधि दी गई है । मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन के लिए अलग से एक लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं । हवाई अड्डों के विकास के लिए 4.04 लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं । छह लेन वाले अटल सेतु के लिए निधि दी गई है । पालखी मार्ग के लिए 11,000 करोड़ रुपये की निधि दी गई है । पिछले 10 वर्षों में रेलवे के लिए 5,800 किलोमीटर के लिए 34 नई परियोजनाएं शुरू की गईं हैं । राज्य के 9 हवाई अड्डों के विकास कार्यों के लिए 561 करोड़ रुपये दिए गए हैं । मत्स्य पालन के लिए केंद्र ने 2,600 करोड़ रुपये दिए हैं ।

महोदया, सरकार ने इस टैक्स रेवेन्यु से जितने काम किए हैं और उनसे जितने बेनिफिट्स हुए हैं, मैं आपको उसके बारे में भी बताना चाहता हूं । जन धन योजना में 50 करोड़ नए बैंक अकाउंट खोले गए, जिसने आर्थिक समग्रता को बढ़ावा दिया है । आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 55 करोड़ गरीब परिवारों को इलाज में आर्थिक सहायता दी गई है । 25,000 जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ती दवाएं दी गईं हैं । 10 करोड़ गैस कनेक्शन्स उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को दी गईं हैं । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों के लिए 4 करोड़ मकान बनाये गए हैं और इस नए कार्यकाल में 3 करोड़ नए घरों को स्वीकृति मिली है । इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए इस अर्थ संकल्प में 11,11,111 करोड रुपये का प्रावधान किया गया है । इंफ्रास्ट्रक्चर एक बहुत बड़ा माध्यम है । सरकार इसके लिए और आर्थिक विकास पूरी तरह प्रतिबद्ध है । हमारा भविष्य ग्रीन इरा, यानि हरित युग का है । सरकार हरित उद्योगों पर निवेश बढ़ा रहा है, जिससे ग्रीन जॉब्स बढ़े हैं । ग्रीन एनर्जी हो या फिर ग्रीन मोबिलिटी, हर मोर्चे पर हम बड़े लक्ष्यों के साथ काम कर रहे हैं ।

महोदया, इसी प्रकार से हमारी महाराष्ट्र सरकार ने भी 46.06 लाख किसानों के कृषि पंपों के बिजली बिल माफ कर दिए हैं, जिसके लिए सरकार के 14,761 करोड़ रुपये खर्च होंगे । ?लाड़ली बहन योजना? के माध्यम से 2 करोड़ माताओं और बहनों को 1500 रुपये पर-मंथ मिलेगा और उसके लिए हम 46,000 करोड़ रुपये खर्च

करेंगे । 'मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना' के तहत हम प्रत्येक परिवार को साल में तीन एलपीजी सिलेंडर मुफ्त में देंगे, जिससे 52,16,412 परिवार लाभान्वित होंगे । 'गाँव तिथे गोदाम' योजना के तहत 100 नए गोदामों का निर्माण और मौजूदा गोदामों की मरम्मत की जाएगी, जिससे किसानों का पोस्ट हारवेस्टिंग लॉस कम होगा और उनके फसले बर्बाद नहीं होंगी । महाराष्ट्र फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट में सबसे ज्यादा है । वर्ष 2023-24 में महाराष्ट्र को 1.25 लाख करोड़ रुपये मिले हैं और हमारे महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21,105 नए स्टार्ट-अप्स हैं ।

महोदया, इतने लाख करोड़ की योजनाएं सिर्फ हमारे इफेक्टिव टैक्स मैनेजमेंट और रेवेन्यू के कारण मिल रही है । मैं सरकार को बधाई देता हूँ कि उन्होंने टैक्स को आम जनता के लिए ईजी बनाया है । वर्ष 2013 में average time for Income tax refund के लिए 93 दिन था, वह आज घटकर 30 दिन हो गया है । आज पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक एम्स का निर्माण हो रहा है और एयरपोर्ट तथा रेलवे की लाइन्स बिछाई जा रही हैं ।

महोदया, मैं यहां कहना चाहता हूं कि वर्ष 2013-14 में सिर्फ 3.8 करोड़ लोग आईटीआर भरते थे और आज यह संख्या बढ़कर 7.78 करोड़ हो गई है । इसका मतलब हमारा नेट डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन डबल होकर 160 प्रतिशत बढ़ा है । वर्ष 2014 में यह 6 लाख करोड़ रुपये था, आज वह 19 लाख करोड़ रुपये हैं । इसका मतलब उससे तीन गुना बढ़ गया है ।

सभापति महोदया, इस वर्ष न्यू टैक्स रेट स्ट्रक्चर को रिवाइज किया गया है, जिसमें कर्मचारियों को इन्कम टैक्स में 17,500 रुपये तक की सेविंग होगी । सरकार द्वारा वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये किया गया है एवं डिडक्शन ऑन फैमिली पेंशन फॉर पेंशनर्स के लिए 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है । आज भारत विश्व का स्टार्टअप हब है और हमारा देश में 1.5 लाख स्टार्टअप्स और 110 यूनिकॉर्न्स हैं । हम अक्सर देखते हैं कि स्टार्टअप को फंडिंग रेज करने में बहुत दिक्कत होती है, जिसके लिए सरकार ने एंजल टैक्स समाप्त करने की भी घोषणा की है, ताकि स्टार्टअप को फंडिंग रेज करने में आसानी हो और लिटिगेशन कम करके ज्यादा फोकस इन्वेस्टमेंट ग्रोथ पर किया जाए ।

सभापति महोदया, टैक्सेशन में सबसे ज्यादा दिक्कत लिटिगेशन में होती है । देश में 12 ट्रिलियन रुपये टैक्स डिस्प्यूट में फंसे हुए हैं, जो हमारी जीडीपी का लगभग 6 प्रतिशत है । सरकार ने वर्ष 2024 में इसको कम करने के लिए इस बजट में ?विवाद से विश्वास स्कीम? शुरू की है । इस वर्ष के बजट में वित्त मंत्री जी ने स्वास्थ्य जगत पर सबसे बड़ी घोषणा की है । इसके लिए मैं वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होनी वाली प्रमुख दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी जीरो करने की घोषणा की है । सरकार के इस कदम से कैंसर के मरीजों और आम जन को बड़ी राहत मिलने वाली है । कैंसर के ट्रीटमेंट में इस्तेमाल की जाने वाली कुछ मशीनों के दाम सस्ता करने की भी घोषणा की गई है । सरकार ने एक्स-रे ट्यूब्स और फ्लैट पैनल डिटेक्टर्स फॉर यूज इन एक्स-रे मशीन्स पर भी बेसिक कस्टम ड्यूटी कम कर दी है ।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से शासन के समक्ष कुछ मांग रखना चाहता हूं । महाराष्ट्र राज्य में 720 किलोमीटर्स का समुद्री किनारा है । इस समुद्री किनारे में रत्नागिरी, दापोली, गुहागर, अलीबाग, सिंधुदुर्ग इत्यादि बंदरगाह हैं । उनकी मरम्मत करना बहुत जरूरी है । उसके लिए इन सभी बंदरगाहों का विकास होना अति आवश्यक है । बंदरगाहों का विकास होने से जल यातायात सेवा शुरू हो सकेगी एवं उसमें सुविधा होगी । इसके साथ ही साथ बंदरगाहों के आस-पास की छोटी-छोटी बस्तियों का भी विकास होगा ।

मैं मुंबई के बारे में कुछ कहना चाहता हूं । वहां मेरे लोक सभा क्षेत्र में वर्सोवा और कोलीवाड़े हैं, जहां मछुआरे मत्स्य व्यवसाय करते हैं । उनके विकास के लिए कल्याणकारी योजानएं शुरू करने की आवश्यकता है, जिससे उनके परिवारों का भी विकास होगा । जल यातायात को बढ़ावा देने से कोलीवाड़ों का विकास होगा । किसान को जिस तरह से बीमा की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, मैं सरकार से यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार मत्स्य व्यवसाय करने वाले परिवारों को भी बीमा की सुविधा प्रदान करे । इससे मत्स्य व्यवसाय करने वाले परिवारों को भी लाभ मिल सकेगा ।

सभापति महोदया, प्रधानमंत्री जी की योजना है कि मुंबई को देश का ?फिनटेक कैपिटल? बनाया जाए । मेरी मांग है कि उस पर जल्द से जल्द काम शुरू किया जाए, क्योंकि मुंबई जीडीपी का 6.16 प्रतिशत और लगभग 30 प्रतिशत डॉयरेक्ट टैक्स में योगदान देती है । मुंबई को देश की वित्तीय राजधानी बोली जाती है । अब वक्त आ गया है कि इसे विश्व की वित्तीय राजधानी बनाई जाए ।

सभापति महोदया, मेरी दूसरी मांग है कि मुंबई रेलवे को अपग्रेड करने के लिए एमयूटीपी को और ज्यादा बजट देने की जरूरत है, क्योंकि आज एमएमआर रीजन बहुत तेज गति से विकास कर रहा है । वहां प्रतिदिन लगभग एक करोड़ लोग ?पब्लिक ट्रांसपोर्ट? का इस्तेमाल करते हैं । इसलिए इस रीजन में पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को मल्टीपल तरीकों से इम्प्रूव करने के लिए महाराष्ट्र को एक लाख करोड़ रुपये का विशेष पैकेज दिया जाए ।

महोदया, मेरी तीसरी मांग है कि मुंबई में ?म्हाडा? के माध्यम से घर बनते हैं, एसआरए के माध्यम से झुग्गी-झोपडियों का पुनर्विकास होता है । मेरी मांग है कि इसके लिए हम लोगों ने बजट में 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, इसलिए मैं वित्त मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि मुंबई महाराष्ट्र की राजधानी है एवं वह देश की औद्योगिक राजधानी है । वहां लोग नौकरी करने के लिए आते हैं । इसलिए मुंबई शहर में विभिन्न प्रकार की इंडस्ट्रीज़ लगनी चाहिए, क्योंकि कई लोग यहां पर अन्य जगहों से नौकरी करने के लिए आते हैं । वे गरीब घर के लोग हैं, बच्चे हैं । मुम्बई में घरों के दाम ज्यादा होने की वजह से वे खरीदने में सक्षम नहीं होते और न ही किराये का मकान एफोर्ड कर पाते हैं । ऐसे लोगों को मजबूरन झुग्गी-झोंपड़ी तैयार करनी पड़ती है, जिसके कारण मुम्बई में अनधिकृत बस्तियां बढ़ती हैं । मेरी मांग है कि मुम्बई के विकास के लिए बजट में जो दस लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं, उसमें से एक लाख करोड़ मुम्बई शहर के विकास के लिए दिए जाएं ।

महोदया, मेरी आखिरी मांग है कि मुंबई में प्राइवेट टाटा कैंसर हॉस्पिटल है । इसमें इलाज के लिए केवल देश से ही नहीं अपितु विदेश से भी लोग आते हैं । टाटा का यहां एक ही हॉस्पिटल है । आपके माध्यम से मेरी मांग है कि मुंबई शहर में मेरे लोक सभा क्षेत्र गोरे गांव-आरे में जमीन का सर्वेक्षण करके सरकारी कैंसर अस्पताल का निर्माण कराया जाए । टाटा हॉस्पिटल पर जो बोझ पड़ता है, क्योंकि कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं । मुंबई में कैंसर मरीजों के लिए एक और अस्पताल खोला जाए । मैं अंत में सरकार का धन्यवाद देता हूं और आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका भी धन्यवाद ।

श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलाल **(सूरत) :** जय भोलेनाथ! सभापति महोदया, हमारे गुजरात में सोमवार के दिन से पवित्र सावन का महीना शुरू हुआ है । इस महीने में गुजरात के लोग भोलेनाथ की स्तुति और पूजा करते हैं । लेकिन, हमें कभी शिवजी की फोटो लेकर घूमने की जरूरत नहीं पड़ी है । क्योंकि भगवान शिव हम हिन्दुओं के हृदय सम्राट हैं और हमारे हृदय में रहते हैं ।

To begin with my maiden speech, Madam Chairperson, I would like to congratulate the hon. Prime Minister for the historical consecutive third-term victory. I am

fortunate enough to be a part of this Government. Whether the Opposition likes it or not, but this fact is going to persist that this era is going to be remembered as Modi era forever. I am also lucky in a way that I am the first Member of the 18th Lok Sabha being elected uncontested from Surat.

Surat is a vibrant constituency which is very well recognised as a hub of textile and diamond. My family background is also textile. Forty per cent of man-made fabric is being produced in our city of Surat. Ninety per cent of world?s rough diamonds? cutting and polishing is being done in Surat. That way, both these industries combined together form the backbone and contribute greatly in the economic development of the country in terms of employment and in terms of export as well. I can also boast about coming from a constituency which has reversed the trend of the past and given the first non-Congress Prime Minister in the country, that is, respected late Prime Minister, Morarji Desai.

I congratulate the hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman for presenting a Budget which is the smallest one since Independence in the history of Indian Budgets.

सभापति महोदया, मैं इस हाउस में कई बार सुन चुका हूँ कि ?डरो मत, डरो मत, डरो मत ।? मुझे आश्चर्य हो रहा था कि यह लाइन किसके लिए है । मैंने बजट में ढूंढ़ने की कोशिश की, लेकिन ऐसा मुझे कहीं भी लिखा हुआ नहीं मिला । So, I sought the help of financial experts. मैंने उनको कहा कि आप ढूंढिए कि इसमें कहीं पर ?डरो मत? लिखा हुआ है, लेकिन उनको भी कहीं नहीं मिला । मेरी समझ में तब आया, जब अयोध्या में घटना नहीं, बल्कि दुर्घटना हुई और उसमें डुप्लीकेट राम जी की तस्वीरें हम सबके सामने आईं । यह नेरेटिव गठबंधन वाली इन पार्टियों के लिए है और ये कहते हैं कि आपको अपने राज्य में जो कुछ करना है, वह करिए । आपकी जो मर्जी है, वह करिए, मैं चुप रहूंगा । हमारी महिला नेताएं चुप रहेंगी, हमारे बड़े नेता भी चुप रहेंगे । आपके राज्य में आपको जो करना है, वह करिए । ये कहते हैं कि लोक सभा और राज्य सभा में मैंने फिल्डिंग बैठाकर रखी है, आप डरो मत, जो कुछ भी करना है, वह करिए । ?मैं किसी से डरता नहीं हूँ?, यह बात भी मैंने सुनी है, लेकिन जो सबसे ज्यादा डरता है, वही बोलता है कि मैं किसी से डरता नहीं हूँ ।

Madam, this Budget is based on the theme to focus on providing more employment, skilling MSMEs, and most importantly the middle-class. However, the Leader of the Opposition may be screaming but the middle-class is very much aware of the fact and it has seen the ugly face of the Congress Party in the past. The middle-class has suffered in the past.

Madam, I start with two major announcements made in the Budget which are directly significant for my constituency. I warmly welcome the announcement made in this Budget for the jems and jewellary industry. The abolition of the

equalisation levy on sales of rough diamonds and the introduction of safe harbour tax are welcome steps for the diamond industry. It was a long-pending demand of the industry. These initiatives are expected to further cement India's position as a global leader in the diamond cutting and polishing sector which already provides a significant number of employment in the city and in the country. For this, I would like to specially thank our hon. Finance Minister.

Similarly, as far as the textile industry is concerned, I also welcome the step taken to reduce the basic customs duty. It will significantly enhance the competitiveness of the textile industry. The allocation for the National Technical Textiles Mission has more than doubled, which will give a further boost to the industry. But at the same time, I would like to make one demand. Both the industries are passing through the worst phase ever seen in its history. I request the hon. Prime Minister to take further initiatives to give blood to this industry.

Madam, this Budget is for the youth. Youth comprises of 65 per cent of the total population below the age of 35 years in the country. The hon. Finance Minister has provided Rs. 2 lakh crore for the employment and skilling of the youth, which will skill 1.1 crore youth over the next five years to come.

This Budget is for *Mahilas* as well, and it provides strong support to them through various schemes. The FM has provided a massive amount of Rs. 3,27,158 crores for the welfare of women, and Rs. 4,37,079 crores in all combined with child welfare.

Earlier in the sixties, seventies and eighties, as all of us are aware, there were two industrialists only, ?B1? and ?B2?. They were almost in a monopolistic position during that period. They were producing everything right from needles to heavy trucks. But the Congress never raised a question about ?B1? and ?B2? at that time. The country needs ?A1?, A1?, ?A1, A2?, ?B1, B2? or ?Z1, Z2. The country needs each and every industrialist and businessman for economic growth and development. But what is the reason? The reason is that ?A1? and ?A2? are coming from Gujarat. They are raising this question everywhere and every now and then. My straight allegation against the Congress is that it wants to hinder the economic growth of the country. It wants to disappoint and depress the industrialists in a way that they would not try to reach on the top of the roof.

More importantly, जो इनको नमस्कार करने जाएंगे, ये उनके बारे में कुछ नहीं बोलेंगे । यही वजह है कि गुजरात में इनको बार-बार शिकस्त मिली है । पार्लियामेंट से लेकर पंचायत तक, वे कहीं भी नहीं टिकते हैं । गुजराती प्रजा की यह विशेषता है । इसीलिए वे डिसअप्वाइंट हैं और रिजेक्टेड हैं । दो गुजरात के राजकीय

सपूतों, दो गुजरात के उद्योगपति सपूतों के खिलाफ देश में जो कैम्पेन चलाया जा रहा है, वह गुजरात की प्रजा देख रही है और समझ रही है । मैंने यह भी सुना था कि लिख लो, लिख लो ।

स्पीकर मैडम, मैं नया माननीय सांसद हूं । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि जो माननीय सांसद यहां जो बोलते हैं, क्या आप उसे नहीं लिखते हैं? मेरी समझ में तो नहीं है । एक और लिखने वाला वर्ष 2022 की चुनाव में आया था, लिख दो, लिख दो, गुजरात की प्रजा ने इनको ऐसा सबक सिखाया कि अभी तक दोबारा गुजरात आने की हिम्मत नहीं की है । हमें पता नहीं है कि अब ये कहां पर हैं, क्या लिख रहे हैं? इनका पता हमारे पास नहीं है ।? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, कृपया अपनी बात पूरा कीजिए ।

SHRI MUKESHKUMAR CHANDRAKAANT DALAL: Madam, I am concluding. To conclude, this is the Budget for the common man, for the poor and the middle class, for the oppressed and the suppressed classes of the society like dalits, adivasis and Other Backward Classes of the country. It will propel India towards becoming a five-trillion-dollar economy and the third-largest economy of the world by 2027 and lay the foundation for building a Viksit Bharat and carry the nation towards becoming a super power by 2047.

I endorse and fully support the Budget and congratulate the Finance Minister and the Prime Minister for the same and thank the hon. Chairperson for giving me an opportunity to speak before this august House.

Thank you very much, Madam.

SHRI SUBBARAYAN K. (TIRUPPUR): Madam Chairperson, this Budget has ignored 95 per cent of the people of India. The ruling party has kept the interests of corporates and the Foreign Direct Investment intact in the Finance Sector. The ruling dispensation has prepared this Budget forgetting the welfare of the people. Interests of most of the people have been ignored. Particularly, there are 56 Crore labour force in our country, but this Government has not shown any concern towards the labourers of this country in the Budget. Particularly the labourers are in large number from the Informal Sector.

This is very much visible from this Budget that this Government has not thought of providing social security to these labourers. Therefore, these people are against the interests of labourers. This Government is a corporate run Government aimed to protect the interests of the corporates and Foreign Direct Investments. It is very much evident that the people cannot expect anything from this Government. They

are appointing workers on contract basis where there is a possibility of regular and permanent jobs.

The Government which should be a model employer whereas this is just encouraging the contract labour system and daily wager system. Why are they following this? Is it not unjust and unfair? I sit not against the welfare of labourers? They do not bother about this. Corporates are in extreme profit. Indian corporates are enjoying enormous profit. Why can?t we levy 70 % super tax on them? Why this Government is putting tax on common people. GST has not been left out in any commodity or service. Everywhere they collect GST. But this Government does not behave with the corporates in such a harsh manner. I urge that these corporates should be levied more tax.

माननीय सभापति **:** आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री राजीव प्रताप रूडी **:** महोदय, हमारे पास न पंजाब की तरह इंडस्ट्री है, न हरियाणा की तरह स्पोर्ट्स है, न गुजरात की तरह टैक्सटाइल्स है और न तमिलनाडु की तरह इंडस्ट्री है ।

माननीय सभापति **:** आप तुलना मत कीजिए, अपनी बात समाप्त कीजिए ।

श्री राजीव प्रताप रूडी **:** महोदय, हमारा बच्चा जब गरीब होता है तो बिहार से निकलकर सूरत और लुधियाना जाता है । जब पंजाब का गरीब होता है तो वह कनाडा और लॉस एंजिलिस जाता है । हम इस तरह से अपना जीवन बिता रहे हैं ।

माननीय सभापति **:** आप समाप्त कीजिए ।

श्री राम शिरोमणि वर्मा ।

श्री राजीव प्रताप रूडी **:** सर, केवल 10 सेकंड दीजिए । महोदय, अगर आप नक्शे पर एक लकीर खिचेंगे तो देखेंगे कि पुराने काल से उन्नति पश्चिम क्षेत्र में है और जो गरीबी है, वह पूर्व क्षेत्र में है, चाहे नॉर्थ-ईस्ट में हो, चाहे बिहार में हो, चाहे ओडिशा में हो । भारत की सरकार ने बिहार के लिए सोचा है और नेपाल से जो बारिश का पानी आता है और हमारे यहां तबाही फैलाता है । उसके ऊपर बैराज बनाने के लिए 12-15 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं । यह स्वागत का विषय है । बिहार की आबादी 14 करोड़ है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपकी बातें रिकॉर्ड पर आ गयी हैं ।

श्री राम शिरोमणि वर्मा ।

श्री राम शिरोमणि वर्मा **(श्रावस्ती) :** सभापति महोदय, आपने मुझे वित्त (संख्याक 2) विधेयक, 2024 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद । साथ ही साथ हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती और जनपद बलरामपुर, जो भारत-नेपाल सीमा से सटा हुआ है, उत्तर प्रदेश का सबसे पिछड़ा आकांक्षी जनपद है । यह भगवान गौतम बुद्ध जी की धरती है । यह एक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ स्थली है । यहां देश-विदेश से लाखों तीर्थ यात्री और भिक्षु हर साल दर्शन करने आते हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र में आजादी के 77 साल बाद भी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसी आधारभूत सुविधाओं की भारी कमी है ।

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को पांच करोड़ रुपये वार्षिक से बढ़ाकर कम से कम 25 करोड़ रुपये वार्षिक किए जाने के संबंध में -

सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र नेपाल से सटे तराई में बसा है जो अत्यंत पिछड़ा है । यहां अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अति पिछड़े वर्ग के लोग ज्यादा निवास करते हैं । अमूमन एक लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत करीब पांच विधान सभा क्षेत्र आते हैं । प्रत्येक सांसद को स्थानीय क्षेत्र के विकास के लिए प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपये सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत पैसा मिलता है, जो इतने बड़े क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत ही कम है । जबकि उत्तर प्रदेश के एक विधायक को एक विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रति वर्ष पांच करोड़ रुपये मिलते हैं । उक्त निधि से एक सांसद एक विधान सभा में केवल एक किलोमीटर सड़क बना सकता है । यही उसका बजट है । इससे इतने बड़े क्षेत्र का विकास कैसे हो सकता है? अत: सरकार से मेरी मांग है कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास वार्षिक निधि को पांच करोड़ रुपये बढ़ाकर कम से कम 25 करोड़ रुपये वार्षिक किया जाना चाहिए । साथ ही सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि पर लगने वाले जीएसटी से भी मुक्त रखा जाए । बिजली की समस्या के संबंध में कहना चाहता हूं कि आज जिस मात्रा में किसानों और व्यापारियों को बिजली मिलनी चाहिए उस मात्रा में उनको बिजली नहीं दी जा रही है । उन्हें पर्याप्त बिजली नही पहुंचाई जा रही है । कहीं पर 2 घंटे, 5 घंटे या 7 घंटे ही बिजली रहती है । हमारा क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर भी इस क्षेत्र में आता है । वहां लो वोल्टेज की समस्या पूरे क्षेत्र में बनी रहती है । वहां आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाते हैं, चाहे शहर हो, गांव हो या कस्बा हो, जगह-जगह पर बिजली की तारें पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं ।

-

15.00 hrs

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और राज्य सरकार का ध्यान देश के अन्नदाता की तरफ दिलाना चाहता हूँ । किसान को खेती करने के लिए, उनकी फसलों की सिंचाई के लिए सरकार को फ्री बिजली की व्यवस्था करनी चाहिए और साथ ही लो वोल्टेज की समस्या का निदान करते हुए, उन्हे पर्याप्त रोस्टर के मुताबिक बिजली उपलब्ध कराई जानी चाहिए । विद्युत कनेक्शन क्षमता के अनुरूप ट्रांसफार्मर की क्षमता को भी बढ़ाना चाहिए । मैं सहारा इंडिया ग्रुप में निवेशकों के जमा पैसे को वापस कराने के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ ।

सभापति महोदय, सहारा इंडिया ग्रुप और उनके एजेंटों द्वारा भोले-भाले गरीब, किसान, व्यापारी और निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को दो गुना, तीन गुना का लालच देकर विभिन्न स्कीमों में निवेशकों द्वारा जमा कराए गए पैसे को जल्द से जल्द वापस दिलाया जाना चाहिए, जिससे जिन निवेशकों की मृत्यु हो गई है, उनके नॉमिनी को

उनका पैसा मिल सके । साथ ही साथ किसानों के खेती में उपयोग में आने वाले उपकरणों पर सब्सिडी दिए जाने के संबंध में भी मैं कुछ कहना चाहता हूँ ।

सभापति महोदय, किसानों को खेती करने के लिए उपयोग में आने वाले कृषि यंत्रों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जानी चाहिए । साथ ही साथ उन्हें जीएसटी से मुक्त रखा जाए । किसानों द्वारा खेती मे प्रयोग की जाने वाली रासायनिक खाद, नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, डीएपी, यूरिया आदि पर 100 प्रतिशत सब्सिडी दी जानी चाहिए ।

सभापति महोदय, मैं देश में फ्री शिक्षा व्यवस्था लागू करने के संबंध में भी कुछ कहना चाहता हूँ । आज शिक्षा का स्तर बहुत ही खराब होता जा रहा है । बढ़ती कमरतोड़ महंगाई के दौर में बच्चों की शिक्षा आज बहुत ही महंगी हो गई है । सरकार फ्री शिक्षा की व्यवस्था लागू करे, जिससे देश का गरीब, मजदूर, किसान और महिलाएं, सभी शिक्षित हो सकें । इससे घर-घर का विकास होगा । साथ ही साथ मैं आंगनवाड़ी, आशा वर्कर्स, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाए जाने के संबंध में भी कुछ कहना चाहता हूँ ।

सभापति महोदय, आज आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्कर्स, ग्राम पंचायत सहायकों, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों की सबसे बड़ी समस्या उनके मानदेय को लेकर है । भारत सरकार और प्रदेश सरकार से मेरी मांग है कि इनका मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, आप मैम्बर और चेयर के बीच में से मत जाइए ।

श्री राम शिरोमणि वर्मा **:** सभापति महोदय, मदरसा आधुनिकीकरण योजना के बन्द होने के संबंध में मैं कुछ कहना चाहता हूँ । यह योजना वर्ष 1993 से चल रही थी । इस योजना के तहत लगभग 22 हजार मदरसा शिक्षकों का वर्ष 2016 से वर्ष 2022 तक का बकाया मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, कृपया समाप्त कीजिए । आपका समय हो गया है ।

? (व्यवधान)

श्री राम शिरोमणि वर्मा **:** सर, मुझे एक मिनट दे दीजिए । साथ ही साथ इस योजना का नवीनीकरण, मदरसा आधुनिकीकरण योजना (SPREMM) का अभी तक नवीनीकरण नहीं किया गया है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** डॉ. आलोक कुमार सुमन जी ।

डॉ**.** आलोक कुमार सुमन **(**गोपालगंज**) :** सभापति महोदय, यह विदित है कि दी फाइनेंस बिल, 2024 भारत सरकार के सभी फाइनेंशियल प्रपोजल, जो कि वर्ष 2024-25 के लिए है, को लागू करेगा । इस फाइनेंस बिल का प्रोविजन डायरेक्ट टैक्स से रिलेटेड है, जो कि इंकम टैक्स एक्ट, 1961 को अमेंड करेगा । यह डायरेक्ट टैक्स सिस्टम की परेशानियों से रिलीफ देगा और इसे रेशनेलाइज बनाएगा । यह विधेयक ब्लैक मनी, अनडिसक्लॉज्ड फॉरेन इनकम एंड एसेट्स और इंपोजिशन ऑफ टैक्स एक्ट, 2015 को भी अमेंड करेगा, ताकि लोगों को रोजगार मिले तथा भारतवर्ष में निवेश हो ।

महोदय, पिछले दो हजार वर्षों की आर्थिक संवृद्धि पर अध्ययन करने के लिए निकले हुए एंगस मेडिसिन ने दिनांक 18 सितंबर, 2006 को अपनी रिपोर्ट ?दी वर्ल्ड इकोनॉमी ए मिलेनियर प्रास्पेक्टिव? में भारत का आर्थिक नवोत्थान का ब्यौरा दिया है ।

हम शेयर ऑफ वर्ल्ड जीडीपी की बात करते हैं, तो वैश्विक जीडीपी में भारत का योगदान 1000 ईस्वी में 28.9 प्रतिशत, वर्ष 1973 में 3.1 प्रतिशत और वर्ष 2001 में 5.4 प्रतिशत था, लेकिन वर्तमान में भारत का योगदान 10 प्रतिशत है । माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इसे लगभग 18 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य है ।

महोदय, वर्ष 1944 में विश्व बैंक की स्थापना हुई थी, इसके साथ ही आईएमएफ की भी स्थापना हुई थी । यह युनाइटेड नेशन की एक प्रमुख वित्तीय एजेंसी है । पहले विश्व बैंक खड़ा हुआ, उसके बाद वर्ष 1948 में गैट की स्थापना हुई । 27 मई, 2021 को टाइम्स ऑफ इंडिया के एक लेख में अरविंद पनगढ़िया लिखते हैं कि वर्तमान दौर में ग्लोबल ट्रेडिंग सिस्टम, वैश्विक व्यापार चरमरा रहा है, लेकिन यह हमारी सरकार माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व का फल है कि भारत का योगदान विश्व की जीडीपी में 10 प्रतिशत से बढ़ कर 18 प्रतिशत होने की उम्मीद है ।

महोदय, वर्ष 1835 में लॉर्ड मैकाले कहते हैं कि मुझे भारत में न ही कोई भिखारी मिला और न ही कोई बेरोजगार दिखा । वर्तमान में, मेरा इस पर सुझाव है कि हमें देश की वर्तमान स्थिति को ग्लोबल मार्केट फोर्सेज के सामने अधिक मजबूत करना चाहिए । आज वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन की नजर 144 करोड़ जनसंख्या वाला देश, भारत के बाजार पर है, लेकिन हमें यह सोचना चाहिए कि देश की उत्पादकता कैसे बढ़े और हमें ग्लोबलाइजेशन से ज्यादा से ज्यादा फायदा कैसे मिले?

महोदय, वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम की रिपोर्ट वर्ष 2021 में यह अनुमान लगाया गया है कि 50 मिलियन नई नौकरियों का सृजन होगा और इससे निश्चित रूप से हमारे युवाओं को फायदा होगा ।

महोदय, सौम्य कांति घोष जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रिसर्च से हैं, वे कहते हैं कि फाइनैंशियल ईयर 2025 में सीपीआई इंफ्लेशन लगभग 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत रहने की संभावना है । मेरा सुझाव है कि शहरी एवं ग्रामीण इंफ्लेशन कम से कम हो, ताकि कंज्यूमर्स को नुकसान न हो और देश प्रगति करे ।

हमारे माननीय मुख्य मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने स्वयं सहायता समूह के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं, इस क्रम में भारत सरकार ने 6,181.41 करोड़ रुपए आवंटन किए है, जिसमें से 5682.5 करोड़ रुपए रिलीज हुए हैं । मैं इस सदन के माध्यम से शेष 498.87 करोड़ रुपए, बकाया राशि अविलंब जारी करने के लिए आग्रह करता हूं ।

महोदय, वर्ष 1844 में कार्ल मार्क्स अपनी बुक इकोनॉमी एंड मैनुस्क्रिप्ट में कहते हैं कि एक ऐसा समाज हो, जिसमें न कोई राष्ट्र होगा, न कोई धर्म होगा, न कोई परिवार होगा, न ही निजी संपत्ति होगी, लेकिन यह विचारधारा हमारी भारतीय संस्कृति पर लागू नहीं होती है, क्योंकि हम वसुधैव कुटुम्बकम की बात करते हैं, सबका साथ ? सबका विकास की बात करते हैं ।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ इस फाइनैंस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।? (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Now, Shri N.K. Premachandran. You have five minutes to speak.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I have given 21 notices of amendments. I have already talked to the hon. Speaker, and he has agreed to allot me 10 to 12 minutes. The hon. Speaker has already agreed to that.

Sir, I will speak fully within the ambit of the Finance Bill. ? (*Interruptions*) About 21 notices of amendments are also there. ? (*Interruptions*)

Sir, I rise to oppose the Finance Bill, 2024 as it is against the federal fiscal policies, ignoring the middle-class and lower middle-class, thereby enhancing the inequality in Indian society. ? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except the speech of Shri N.K. Premachandran ji.

? (Interruptions) ?

HON. CHAIRPERSON: Mr. Deepender Hooda ji, you are aware of it. Let him complete the speech. Only then, I can call him.

? (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Kindly take your seat.

? (*Interruptions*)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I am opposing the Finance Bill on three grounds. First, it is against the federal fiscal policies; second, it is ignoring the middle class and the lower middle class, thereby enhancing the inequality in Indian society; and third, it is promoting and providing undue benefits to the rich class and corporate houses.

Sir, the Finance Bill, 2024 is to give effect to the taxation proposals for the financial year 2024-25, and this Bill intends to give effect to the taxation proposals for a gross tax revenue of Rs.38,40,170 crores. Out of this, the Union Government?s net tax revenue is Rs.25,83,499 crores. The tax revenue in the Budget Estimates seems to be realistic and I hope that the Budget Estimates is correct and it can be achieved. But it is estimated that the Government's total debt during the current fiscal year is rising to Rs.185 lakh crore, that is, 56.8 per cent of the GDP, which was 58.2 per cent at the end of March, 2024.

In this scenario, I would like to ask a specific question to the hon. Finance Minister. How is she going to contain the fiscal deficit at 4.9 per cent for 2024-25, and how

will she contain it at 4.5 per cent in the financial year 2025-26? It may be possible to contain fiscal deficit at 4.9 per cent for the current year because we have got Rs.2,10,000 crores as a dividend from the Reserve Bank of India, but what about 2025-26? How is she going to contain the fiscal deficit as mandated by the FRBM Act for the financial year 2025-26? I am seeking a clarification in this regard from the hon. Finance Minister.

Sir, now let me come to the taxation proposals. This is a new subject. I would like to point out that household savings was the major strength of the Indian economy. Once the net household savings were 10 per cent of GDP, which later came to 7.5 per cent of GDP, and now it is just about 5.5 per cent of GDP. Why has it come down? The reason is that all the benefits, exemptions, deductions which were provided to the household savings were drastically taken away, and you are not touching the higher income groups. The higher income groups are not being targeted in the Budget and in the Finance Bill to earn more revenue.

Sir, I would like to cite an example regarding the higher income groups where the annual income is between Rs.50 lakhs and Rs.1 crore. I have very interesting statistics. In the year 2021-22, it was only 1,84,300 persons who were submitting returns. In 2022-23, the number of persons submitting returns was 2,52,000. In 2023-24, the number of such persons is 3,34,000. That means, a 40 per cent average increase in number of persons in the higher income group.

Sir, now come to the higher income group where the annual income is between Rs.1 crore and Rs.5 crores. Again, these are very interesting statistics. This is the group of people whose income is Rs.45 lakhs per month. Now, let us see the increase in the number. In 2021-22, it was 64,774 persons who were filing the returns. In 2022-23, the number of persons filing the returns was 91,425. In 2023-24, the number has gone to 1,10,665 persons. There is no additional taxation on the higher income groups.

Chairman, Sir, the per capita annual income is just Rs.2,25,000. All these figures go to show that the so-called economic growth is not complying with the provisions of equity, and so-called growth is a jobless growth. This is well established out of these statistics.

Sir, now, I come to the second point which is regarding the retail traders. Due to the online trading and the multi-chain shops run by multinational corporations, the small and medium traders are on the brink of collapse. They are struggling to

survive. They are not able to compete with the multinational corporations. Further, we have to note that this is a labour-intensive sector. There are about four crore of retail traders in the country. If we multiply it into five, it will be about 20 crore of people who are depending on the small and medium traders in the country. But they are struggling to survive because of the multinational corporations, big malls, and online shopping. Now, they are demanding to have ESI medical benefits because they are finding it very difficult to have proper medical care for themselves. So, my suggestion to the Government is that a reasonable restriction by imposing a cess may be introduced on the online trading.

Sir, the third point is with regard to the scrapping of 18 per cent GST on life and health insurance premium. ....*(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON: How many more points do you have to speak? You have already taken more than six minutes. Please conclude.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, I am already submitting in brief.

Sir, the Government should scrap 18 per cent GST on life and health insurance premia. Right to proper medical care is a Fundamental Right envisaged in Article 21 of the Constitution. Right to proper medical care will come within the ambit of right to life under Article 21 of the Constitution. If that be the case, it is a mandatory obligation on the Government to see that proper medical care is being provided to the people. Imposition of 18 per cent GST on life and health insurance premia tends to penalise individuals seeking to protect themselves and their families against the life?s uncertainties, for which my amendment is there.

Sir, my fourth point is about the import duty on raw cashew nuts. Cashew industry is facing a severe crisis ? I am from the district of Kollam which is the cashew capital of the country ? and 90 per cent of the cashew industry is closed. There is a 2.5 per cent import duty. I urge upon the Government of India, and in particular the Finance Minister, to withdraw this 2.5 per cent customs duty on import of raw cashew nuts and also declare a comprehensive package to revive the traditional industry in the cashew sector.

Sir, my next point is regarding the PF pension.

HON. CHAIRPERSON: This is your sixth point.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, there are two or three more points.

Sir, so many interventions from your side are also losing my time. ? (*Interruptions*)

Sir, regarding the PF pension, the Supreme Court judgement is there which was delivered on 04.11.2022. now, the pensioners are entitled to get a higher pension on giving the arrears of the contribution which they have to pay. Though they have already paid the arrears, but it is unfortunate that it is taking so much time in getting the pension to them. Further, when they are getting the arrears of the pension, income tax is being imposed on it. So, my another suggestion is to kindly withdraw that tax.

Sir, my final point is that this Budget is an anti-federal fiscal policy. I will substantiate that point and then conclude. I am saying this because the Union Government is reducing the financial transfers to the States. The 14th Finance Commission?s award was 42 per cent to the States. The 15th Finance Commission?s award was 41 per cent to the States. In the financial year 2015-16, transfer to the States was just 35 per cent. When we come to financial year 2023-24, it has come down to 30 per cent. In 2015-16, the revenue of the Union Government ? (*Interruptions*)

Sir, I am concluding. The growth of Union tax revenue has more than doubled during this period, but the share of the States has just doubled. Further, the grants-in-aid are also declining like anything.

HON. CHAIRPERSON: Kindly conclude.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, cess and surcharge collection is also increasing like anything, but ?cess and surcharge? is not coming within the purview of the divisible pool. As a result, the Union Government is getting the benefit while the States are suffering.

HON. CHAIRPERSON: Thank you.

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Finally, with respect to Centrally-sponsored schemes also, the State?s liability and burden is increasing.

My point is that since the Finance Bill is not addressing the general, common issues of the people and is an anti-federal fiscal policy, I do oppose the Finance Bill moved by the hon. Finance Minister.

With these words, I conclude. Thank you very much.

15.18 hrs

(Hon Speaker *in the Chair*)

श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर **(संगरूर) :** माननीय सभापति जी, जिस दिन से बजट सेशन की शुरुआत हुई है, उस दिन से जितने भी सत्ता पक्ष के लोग हैं, वे एक ही बात कह रहे हैं कि भारत की जीडीपी पूरे विश्व में पाँचवें नम्बर पर चली गई है । यह अच्छी बात है । कल भी सत्ता पक्ष के एक साथी ने कहा कि हम जल्दी ही तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएंगे । सर, यह अच्छी बात है । हम तो चाहते हैं कि हम नम्बर एक पर चले जाएं । लेकिन ?सबका साथ, सबका विकास? का नारा देने वाली सरकार से 140 करोड़ लोगों का सवाल है कि हम पर-कैपिटा इनकम में कहाँ खड़े हैं? सर, हम पहले पाँच में भी नहीं, दस में भी नहीं, बीस में भी नहीं, तीस में भी नहीं, पचास में भी नहीं, सौ में भी नहीं, बल्कि हम 136 वें नम्बर पर हैं । हम कह रहे हैं कि हम विश्वगुरु बनेंगे ।

स्पीकर साहब, 140 करोड़ लोगों में से सिर्फ 1 परसेंट लोग ही हैं, जिनके पास देश की 40 परसेंट सम्पत्ति है, वैल्थ है । आश्चर्य की बात है कि जो 40 परसेंट वाले लोग हैं, वे सिर्फ 23 परसेंट कंट्रीब्यूट कर रहे हैं, टैक्स दे रहे हैं । सारा का सारा बोझ मिडिल क्लास के लोगों पर पड़ रहा है । आप देखिए, 32 लाख करोड़ रुपए में से साढ़े 14 लाख करोड़ रुपये इनडायरेक्ट टैक्स के हैं । इस तरह से, जो आम लोग हैं, उन पर टैक्स लगते हैं क्योंकि जो कारपोरेट वाले लोग हैं, उनके टैक्स का एक बड़ा हिस्सा आईटीसी के जरिए वापस हो जाता है ।

उसके बाद जो सैलरीड, तकरीबन 12 लाख करोड़ रुपए हम उनमें से काटते हैं । आप देखिए कि 40 परसेंट वैल्थ वाले लोग सिर्फ 23 परसेंट पे कर रहे हैं । हमारे मेंबर्स कह रहे हैं कि वे तीन लाख करोड़ टैक्स दे रहे हैं । सर, हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन तीन लाख करोड़ रुपए टैक्स देने वालों की आप संपत्ति की बात करें, तो पिछले पांच सालों में, जो दो बड़े साहब हैं, उनमें से एक साहब की 25 गुना संपत्ति बढ़ गई । इस पर भी हमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि एक बात पिछले कई दिनों से चल रही है कि कौन-कौन बड़े लोग शादी में गए । सर, हमें शादी में जाने वालों से भी आपत्ति नहीं है, लेकिन एक बात पर आपत्ति है कि प्रधान मंत्री जी कोई साधारण आदमी तो हैं नहीं, सारी एजेंसीज़ उनको रिपोर्ट करती हैं, पूरी इंटेलिजेंस उनको रिपोर्ट करती है ।

प्रधान मंत्री जी ने कहा कि ट्रक भर-भरकर अपोजीशन के घर चंदा गया । प्रधान मंत्री जी ने उस टाइम पर्चा दर्ज क्यों नहीं करवाया? आंध्र प्रदेश में कहा, इलेक्शन्स में, तेलंगाना में कहा । ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** कभी भी बाहर के स्टेटमेंट को यहां दर्ज नहीं करते हैं ।

? (व्यवधान)

श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर **:** सर, उन्होंने पर्चा दर्ज क्यों नहीं करवाया? अगर कोई ऐसी रिपोर्ट थी, तो फिर प्रधान मंत्री जी शादी में क्यों गए? यह सरकार केवल और केवल अपने जो बड़े दोस्त हैं, उनको सुविधा देने का, उनका कॉरपोरेट टैक्स कम करने का और उनको और बड़ा बनाने का काम कर रही है । ? (व्यवधान) जो देश के आम लोग हैं, आम नागरिक है, जो मिडिल-क्लास है, आप देखिए कि जो 50-60 हजार रुपए कमाने वाला व्यक्ति है, पहले तो आपने उस पर डायरेक्ट टैक्स लगा दिए, उस पर इनकम टैक्स लगा दिया । उसके बाद उसने स्कूटर परचेज़ किया, कोई मोटरसाइकिल परचेज़ की, 31 परसेंट टैक्स उस पर लगा दिया । उसे उसकी रिपेयर करवानी

है, तो 28 परसेंट टैक्स उस पर है । अगर वह उसे सड़क पर लेकर जाएगा, तो उस पर भी टैक्स है । उसके बाद उसमें पेट्रोल-डीजल डलवाएगा, तो 50 परसेंट टैक्स उस पर भी है ।

सर, खाने से लेकर पीने तक, हर जगह पर वह टैक्स दे रहा है । जिनको तीन लाख करोड़ रुपए का फायदा दिया गया, वे सिर्फ 23 परसेंट लोग हैं, जो टैक्स दे रहे हैं । मेरी आपसे यही विनती है कि देश के जो आम लोग हैं, जो 140 करोड़ लोग हैं, उन पर जो बोझ है, वह कम किया जाए, क्योंकि यह सबसे जरूरी है । नेशनल हैल्थ पॉलिसी की एक रिपोर्ट थी, उन्होंने भी कहा कि सरकार का कम से कम 2.5 परसेंट हैल्थ बजट होना चाहिए । आपने उसे भी 0.5 परसेंट कर दिया । अगर हम बजट नहीं बढ़ा सकते, तो कम से कम जो हैल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी है, उसे भी कम किया जाए । लाइफ इंश्योरेंस पर जो जीएसटी है, उसे भी खत्म किया जाए ।

यह सरकार कितनी ऐसी पॉलिसीज़, कितनी ऐसी स्कीम्स लेकर आई है, जिनकी या तो बाद में बात नहीं करते या उन्हें बीच में छोड़ दिया जाता है । आपने ?स्किल इंडिया? की बात की थी, वर्ष 2023 तक 40 करोड़ युवाओं को स्किल्ड बना देंगे । सर, अब उसकी बात ही नहीं हो रही है? आपने कहा कि फार्मर्स की आमदनी को वर्ष 2022 तक डबल कर देंगे । अब उसकी भी बात नहीं हो रही है? आपने एग्रीकल्चर इक्यूपमेंट पर भी टैक्स लगा दिया, जिसका सीधा बोझ पंजाब के, देश के किसानों पर पड़ेगा ।

आपने कहा कि एफडीआई में अगर हम कॉरपोरेट्स को छोड़ देंगे, तो एफडीआई बढ़ेगा । सर, वह भी नहीं बढ़ रहा, उसकी बात ही नहीं हो रही है? मैं समझता हूं कि पिछले दस सालों से जो हो रहा है, इस बजट को भी बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स के मद्देनज़र ही तैयार किया गया है और जो देश के आम नागरिक हैं, उनके लिए इसमें कुछ भी नहीं है ।

सर, लास्ट में पंजाब के किसानों के पॉइंट-ऑफ-व्यू से मैं यही कहूंगा कि जो एग्रीकल्चर इक्यूपमेंट्स हैं, उन पर जो टैक्स है, उसे खत्म किया जाए ।

धन्यवाद ।

15.30 hrs

माननीय अध्यक्ष **:** श्री माधवनेनी रघुनंदन राव ।

? (व्यवधान)

श्री माधवनेनी रघुनंदन राव **(**मेडक**) :** अध्यक्ष जी, आपने मुझे फाइनेंस बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं ।? (व्यवधान) प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी फाइनेंस मिनिस्टर श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने वर्ष 2024 का बजट देश के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए, स्किल डेवलपमेंट के लिए और बेरोजगारी को दूर करने के लिए ज्यादा पारदर्शिता के साथ सदन में पेश किया है ।? (व्यवधान) इस बिल में कॉर्पोरेट टैक्स के बारे में जो माननीय सांसद अपनी बात कह रहे हैं, उन लोगों को मैं यह बताना चाहता हूं कि we brought transparency in the Income Tax Department as well as in the other Departments also due to which the number of persons, who respect the Government, has been increased and the number of taxpayers has been

increased in this country. Such a transparency has been brought in the Income Tax Department.? (*Interruptions*) A person who is filing his income tax return does not know where it is being scrutinised and who is scrutinising his income tax return. The officer also does not know where the application came from. Such a type of transparency has been brought in the income tax system. So, the number of taxpayers has been enormously increased in this country. This clearly shows that the people of this country are showing confidence in the Government led by hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji.? (*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष जी, तेलंगाना राज्य में पहले बीआरएस की सरकार थी और जो सरकार छह महीने पहले आई है, इन दोनों सरकारों ने चाहे कांग्रेस सरकार है या बीआरएस सरकार थी, कभी भी राज्य में कुछ अच्छा होता है तो वे कहते हैं कि हमने किया है और यदि कुछ बुरा होता है तो वह सेंटर पर जिम्मेदारी डालने की कोशिश करते हैं ।? (व्यवधान) 10 सालों का बीआरएस सरकार का राज हो या पिछले छह महीने से कांग्रेस के राज को ले लीजिए, यदि केंद्र सरकार राज्य के लिए कुछ अच्छे काम करती है तो उस अच्छे काम का ये जिक्र नहीं करते हैं और केंद्र सरकार को बदनाम करने की पॉलिटिक्स करने के अलावा ये कुछ नहीं करते हैं ।? (व्यवधान)

Sir, in Telangana, Rs.28,88,11,000 of public money had been spent by the then TRS Government for 10 years which was found fault with by the C&AG Department. The C&AG said that there is no permission for spending these Rs.28,88,11,000. Even if you come to the Pradhan Mantri Awas Yojana, the Central Government has implemented the Pradhan Mantri Awas Yojana, like in other States, in Telangana also. Under the Pradhan Mantri Awas Yojana, the Central Government is giving money.?(*Interruptions*) Shri K. Chandrashekar Rao says that he is giving money in the name of 2 BHK. But unfortunately, they never say that the Central Government has given the money under the Pradhan Mantri Awas Yojana.?(*Interruptions*) The new Government, which is headed by the Congress Party and Mr. Revanth Reddy, is saying that they are going to give Indiramma houses, but they are also not saying that this money is being given by the Central Government under the leadership of Narendra Modi ji for Pradhan Mantri Awas Yojana.?(*Interruptions*)

At least, he should say that they want to correlate the money of the Pradhan Mantri Awas Yojana with Indiramma Houses. Similarly, so many schemes were given by the Central Government to the State and the money had been disbursed. Earlier, under the UPA rule, devolution of only 32 per cent of funds was there. Now it has been increased to 42 per cent, but no one is saying that the States are getting 42 per cent of the funds.? (*Interruptions*) इसमें भी पैसे कम कर दिए हैं, ऐसा बताने की कोशिश करते हैं ।

अध्यक्ष जी, हम पहली बार जीत कर आए हैं । ये लोग इतने सीनियर हैं और पांच या छह बार से सांसद हैं लेकिन ये क्या कर रहे हैं, यह मुझे समझ में नहीं आ रहा है । अगर लैला को देखना है तो मजनूं की आंखों से देखो । यदि इस बजट को देखना है तो निर्मला सीतारमण जी की आंखों से देखो, गरीब की आंखों से इस बजट को देखो ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, आपने सिर्फ दो मिनट बोलने का मौका दिया है ।? (व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा **(**रोहतक**) :** महोदय, हम एक स्पष्टीकरण पूछना चाहते हैं ।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** रूल-372 में यह स्पष्ट है कि सदन नियम और प्रक्रिया से चलता है । मंत्री जी का स्टेटमेंट मांगा, मंत्री जी ने आपको स्टेटमेंट दे दिया ।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष **:** आपकी मांग पर स्टेटमेंट दिया । लोक सभा के अंदर नियम और प्रक्रिया के अंतर्गत स्टेटमेंट पर स्पष्टीकरण नहीं मांगा जाता है ।

माननीय सदस्य, आप अपना भाषण कंटीन्यु कीजिए ।

? (व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा **:** महोदय, हमें आपका संरक्षण नहीं मिल रहा है और आप स्पष्टीकरण पूछने नहीं दे रहे हैं, इसलिए हम वॉकआउट करते हैं ।? (व्यवधान)

15.35 hrs

At this stage Shri Deepender Singh Hooda, Shri Sudip Bandyopadhyay, Shri Hanuman Beniwal and some other hon. Member left the House.

SHRI MADHAVANENI RAGHUNANDAN RAO: Sir, in the year 2014, when the hon. Prime Minister Narendra Modi-led Government came into power, there was a demand to bring ?One Nation, One Tax?. कांग्रेस के लोग अपने को सोनिया जी का ?मानस पुत्र? कहते हैं ।? (व्यवधान) But they failed to introduce the GST Bill. From 2004 to 2014, after 10 years of their governance, they could not bring the GST. But the GST was introduced in this country under the dynamic leadership of Shri Narendra Modi ji. In the year 2017, when it was introduced for the first time, Rs. 68,000 crore came as tax in the country under the GST in the first month. And in the last month, the tax has grown up to Rs. 2 lakh crore. This is all happening because of the transparency, and also, because of this Government which is doing all these things for the

poorest of the poor. But the Opposition leaders always want to blame the Government by saying one or the other things.

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं एक बात कह कर अपनी बात कन्क्लूड करना चाहता हूं । अगर वर्ष 2024 के बजट को सही तरीके से देखना है तो तेलुगु में एक कहावत है कि ?अगर लैला को देखना है तो उसे मजनूं की आंखों से देखना है ।? इन लोगों को अगर इस बजट को देखना है कि देश के सबसे गरीब व्यक्ति की आंखों से देखना होगा । मगर, वे लोग जो ?A1?, ?A2? का नाम लेते हैं और उनके यहां ये लोग जो दावत खाने जाते हैं, अगर उनकी आंखों से आप इसे देखेंगे तो यह बजट आपको समझ में नहीं आएगा । मैं पहली बार जीत कर आया हूं । मुझे आपने पहली बार फाइनैंस बिल के ऊपर बोलने का समय दिया, मगर उन लोगों को तो कितने घंटे बोलने का अवसर दिया, फिर भी उन लोगों ने बजट के ऊपर एक शब्द भी अच्छा नहीं बोला ।

महोदय, मैं पहली बार तेलंगाना से जीत कर आया हूं, जहां बी.आर.एस. और कांग्रेस पार्टी ने केन्द्रीय सरकार से पैसे लिए और फिर भी हमें बदनाम करते हैं । कल के बजट में सिर्फ दो आइटम्स के ऊपर तेलंगाना सरकार को 48,000 करोड़ रुपये दिए गए, मगर हमारे यहां तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बड़े-बड़े फ्लेक्स बोर्ड लगाकर यह कहती है कि ?तेलंगाना ने भाजपा को 8 एम.पी. दिया, पर उन्होंने यहां 8 पैसे भी नहीं दिए ।? वे पांचवीं क्लास पढ़े हुए हैं या सातवीं क्लास पढ़े हुए हैं, हमारे सी.एम. ने कहां तक पढ़ाई की है, यह मैं नहीं बोल सकता, मगर जो आदमी इस बजट को सही तरीके से नहीं देख सकता, उसे मैं क्या बोल सकता हूं?

निर्मला सीतारमण जी ने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश में हर स्टेट को इक्वल ऑपोर्च्यूनिटी देकर आगे बढ़ाने के लिए जो फाइनैंस बिल लाया है, मैं इसका समर्थन करता हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस पर बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए अपनी वाणी को विराम देता हूं ।

धन्यवाद ।

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Thank you, hon. Speaker, Sir.

Sir, the threshold of Rs. 2.5 lakh under the old regime has remained unchanged since 2012-13. Prior to that, it was Rs. 2.40 lakh for 2010-11. The Cost Inflation Index since 2010-11 has gone up to 2.17 times. When the Income Tax Act itself is acknowledging the inflation in the economy, why are the poor and the middle-class being taxed on the same threshold? If a middle-class citizen was earning Rs. 2.5 lakh in the financial year 2009-10, it cannot be equated with the same Rs. 2.50 lakh in the financial year 2024-25. On account of this, the income is being taxed twice ? first, due to inflation and second, under the Income Tax Act.

Sir, why is the old tax regime being given a stepmotherly treatment by the Finance Minister? All the additional benefits are being given only under the new tax regime like 80CCD. This will discourage people from saving money in the traditional forms of life insurance policies, PPF, bank deposits, etc. In fact, the banks are already

facing a fall in their deposits. The old tax regime should equally be encouraged, and should not be discouraged as has been done since the past few Budgets. As someone has rightly said, ?Tax should be extracted like the honeybee extracts honey from flowers?. Presently, this Government is extracting tax like blood being sucked by leeches, especially of the tax compliant taxpayers. At least, under the new tax regime, the threshold should be linked to inflation. This will go a long way in demonstrating that the tax legislation is fair, and that in turn will improve compliance.

15.39 hrs

(Shrimati Sandhya Ray *in the Chair*)

Sir, block assessment is sought to be reintroduced. The reassessment provisions are again sought to be tinkered. When the Parliament in its wisdom had done away with the block assessment proceedings for search cases, where is the need to revisit again? These frequent changes in such an important piece of legislation, which are unnecessary and unwarranted, will lead to avoidable litigations, and further burden the courts.

When a concession was given decades back only on the basis of an additional levy, can the concession be withdrawn while the additional levy continues? This is backstabbing. This is exactly what has been proposed.

The STT (Securities Transaction Tax) was levied on buying and selling of equity shares and mutual fund units accompanied with reduction in the tax rates on capital gains on such securities.

Now, the rate of capital gains tax is proposed to be increased while the STT remains. People lose their faith in the Government with such steps. For example, LTCG on equity shares. The existing rate is 10 per cent over Rs. 1,00,000. Now, the proposed rate is 12.5 per cent over Rs. 1,25,000. Now, the STCG on equity shares is 15 per cent. The proposed is 20 per cent.

The long-term capital gains tax on other assets is *prima facie* being reduced. However, the benefit of indexation is being withdrawn. Again, this is a retrograde step. The CII method was a well-thought and has been working fine for the past several decades. Why repair something which is not being broken? I will give an example. Purchase of a flat in 2001. One existing unit is Rs. 15 lakhs. Proposed is also Rs. 15 lakhs. The capital gains tax is Rs. 20.55 lakh. Proposed is Rs. 60 lakhs.

The capital gains tax is Rs. 4.11 lakh. Proposed is Rs. 7.05 lakh. This is 82 per cent increase of tax liability. In fact, in all the new tax regime, the rate of 12.5 per cent without indexation should be optional.

As announced by the Finance Minister on August 6, 2024, it is not enough if it is made applicable prospective from 23rd July. The option should be left to the taxpayer even for new assets purchased.

Where is the need for this new Section? That is Section 194T-TDS at 10 per cent interest on capital and remuneration to partners above Rs. 20,000. The purpose of TDS is to ensure that the income does not escape taxation. In the case of a firm, there is no such risk. The remuneration to working partner is typically calculated at the time of preparation of the financial statements. How will the tax payer comply with the TDS deadlines?

Now, another important point is Section 206C(1F). Presently, the TCS is at one per cent on motors above Rs. 10 lakhs. Now, from 1st January, 2025, this is applicable to luxury goods as notified above Rs. 10 lakhs. This is unnecessary harassment. You are not improving. Your Ministry, instead, is putting burden on the business people. This is not ease of business. You are putting more hardship.

The GST on health insurance premium collected is Rs. 8,263 crores during the financial year 2023-24 only. I would request the Government to remove this GST on health insurance and life insurance. It should be waived so that more people come under the coverage. It is the Government?s duty to provide medical treatment.

I have another important point which I wanted to bring. What about GST on petroleum products? Are the State Governments ready for it? The allocations to the social sector schemes have a seen a decline of overall 25 per cent inflation adjusted to last decade. Sarva Shiksha Abhiyan has seen an 18 per cent decline. The Rastriya Madhyamika Abhiyan has seen nine per cent decline. The ICDS has seen 34 per cent decline. The Mission Anganwadi has seen five per cent decline. The PM-POSHAN scheme has seen 45 per cent decline. In public distribution, it was 6.61 per cent in 2019-20 and it has declined to 4.2 per cent in 2023-24. Even if you combine the Prime Minister Garib Kalyan Yojana, the decline is still lower than the 2019-20 Budget.

In the case of Ministry of Minority Affairs, the Budget decline is same as in the year 2012-13. The unit cost of post- matric and pre-matric scholarship for minorities has not changed since 2007-08. Rs. 80 or Rs. 100 is still continuing.

Madam, the Budget of the Ministry of Minority Affairs should have been increased to nearly Rs. 8,000 crores. That has not been done. On 15th August, we are going to celebrate *yom-e-azaadi*. In *yom-e-azaadi*, I am reminded of Abdullah Fariabadi who said that when I die, you come to my grave and inform that India has got Independence.

Now, we will be saying that we did not live in the Malta jail for eight months to see the day that our Wakf properties will be taken by this dictator Government. I condemn this law. Thank you very much, Madam.

श्री राजेश रंजन (पूर्णिया) : सभापति महोदया, मैं अपनी बात शुरू करने से पहले बताना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन मात्र दो महीने बचे हैं । सबसे पहले मैं कहना चाहता हूं कि उन्होंने विश्वकर्मा योजना शुरू की और यह उनकी एक सबसे बड़ी योजना है । आम आदमी, मोची, निषाद, मल्लाह जैसे वर्गों के लिए यह योजना लाई गई थी ।

हम माननीय वित्त मंत्री जी की बात से शुरू करेंगे, पूर्व स्किल इंडिया, स्टार्ट-अप, मेक इन इंडिया, आप जिन-जिन योजनाओं को लेकर आएं, उस पर कोई श्वेत पत्र क्यों नहीं लाए कि उस योजना का क्या हुआ? आपको रघुराम राजन जी की रिपोर्ट भी देखना चाहिए । जब आप इस सदन में नई योजना लाते हैं, नया बजट लाते हैं तो पुराने बजट पर कभी चर्चा क्यों नहीं करते हैं कि उसका इम्लिमेन्टेशन हुआ या नहीं हुआ, उस पर ध्यान दिया गया या नहीं? श्रम संगठन के अनुसार वर्ष 2000 देश में पढे-लिखे बेरोजगारों की तादाद 54.2 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2022 में 65.7 प्रतिशत हो गई ।

आप तेरह हजार करोड़ रुपये विश्वकर्मा योजना के लिए लेकर आएं । आप कहते हैं कि नौकरी के लिए चार सौ बड़े कॉरपोरेट घरानों को कहा है कि बेरोजगार लड़कों को पांच हजार अनुकम्पा पर इनसेन्टिव दीजिए । मैं पूछना चाहता हूं कि यह इन्सेन्टिव कब मिलेगा, लगभग चालीस हजार लोग कॉरपोरेट्स के यहां पहले से काम कर रहे हैं । दो करोड़ नौकरी देने की योजना में 25 हजार रुपये एक कॉरपोरेट पर कहां से आएगा, यह हमें बताएं । यह बेरोजगारों के लिए झूठ वाली बात है । जब आप रोजगार पर बात करते हैं तो इस देश में सबसे ज्यादा इंडस्ट्री किस क्षेत्र में है- फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, टेक्सटाइल्स, बुनकर, कालीन, टेक्सटाइल योजना पर कितना टैक्स बढ़ा, इसे आप देख लीजिए । टेक्सटाइल पर इन्होंने कोई छूट नहीं दी, कोई रिलैक्शेसन नहीं दिया और टैक्स को बढ़ा दिया ।

जब हम टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा नहीं देंगे तो रोजगार कहां से डेवलप होगा? जब फूड प्रोसेसिंग की बात करते हैं, यूपी, बिहार या जहां भी दलहन और तिलहन होता है, हम मक्का, मखाना की बात करते हैं, दूध प्रोडक्ट्स की चीजों पर टैक्सेज बढ़ाये हुए हैं । सबसे ज्यादा काम करने वाली 70-80 प्रतिशत महिलाएं हैं, उनके लिए कोई नई योजना नहीं है । आपने उनके लिए क्या किया?

आपने जितना भी बजट पेश किया सीधा का सीधा कॉरपोरेट्स, कॉरपोरेट्स बोला है । लेकिन जब हम आम आदमी से जुड़ी हुई बात करते हैं, जिसे सभी लोग कह रहे हैं । गडकरी साहब ने भी हेल्थ से जुड़े 18 प्रतिशत जीएसटी की बात की । हम अस्पताल को फ्रीडम दे रहे हैं, लेकिन जो आम आदमी की दवाई है या इक्विपमेंट है, अल्ट्रासाउंड है, सीटी-स्कैन, एमआरआई या जांच का विषय है, हम उस पर बोझ डाल रहे हैं । आम आदमी को कैसे बेनिफिट मिलेगा? सबसे बड़ी बात क्या है? जब बैंक की बात आती है, बैंक क्या करती है? हमारे यहां बिहार

में सौ-दो सौ रुपये वाला गरीब लोग बाहर जाकर काम करते हैं । वे बैंक से 200 या 1000 रुपये भेजते हैं, बैंक मिनिमम बैलेंस के लिए 1000 रुपये, 5000 रुपये, 7000 रुपये काट लेता है । आप बताइए, क्या आपने इसको रोकने का कोई प्रयास किया है? बैंक उस पैसे को, जो मिडल क्लास या गरीब का पैसा है, जो बाहर से कमाकर अपने माँ-बाप को भेजता है, वह पैसा न काटा जाए, इस पर आपने कभी चर्चा की? आज बैंक इस तरीके से काम कर रहा है । बैंक आपको कितने परसेंट पर लोन देता है, आपने बैंक को क्या बेनिफिट दिया? बैंक से आपने क्या कहा?

बांग्लादेश में मोहम्मद यूनूस जैसे लोगों ने इसकी की मांग उठायी, उसका क्या कारण था? उन्होंने बैंकिंग सेक्टर को आम लोगों के लिए लिबरलाइज किया, लोन कम किया, उन्होंने ब्याज कम किया । क्या मिडल क्लास या गरीब आदमी के लिए कर सकता है? अब हम किसान पर आत हैं, आपने किसान पर टैक्स नहीं बढ़ाया, लेकिन आपने क्या किया? 50 किलोग्राम खाद की बोरी को 45 किलोग्राम कर दिया, आपने 40 किलोग्राम कर दिया । मैं जानना चाहता हूं कि 50 किलोग्राम से 45 किलोग्राम क्यों कर दिया? जो सबसे बड़ी बात है उसके बारे में कहना चाहूंगा, यहां बार-बार रोजगार की बात होती है, यूथ की बात होती है, एजुकेशन की बात होती है । आप हमें बताइए, दलितों को स्कॉलरशिप मिलता था । स्कॉलरशिप में अब क्या किया गया, उस दलित की स्कॉलरशिप को रोक दिया गया । आपने कहा एडमिशन लो फिर कहा कि 60 परसेंट अटैंडेंस होगी तब स्कॉलरशिप देंगे । इसी तरह मिनिमम मदरसे के लिए बजट दो करोड़ रुपये कर दिया । अल्पसंख्यकों के लिए फैलोशिप जैसे मौलाना आज़ाद फैलोशिप बंद कर दी । आप अल्पसंख्यकों के लिए बजट सीधा 117 करोड़ रुपये पर ले आए । नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ?सबका साथ, सबका विकास? की बात करती है ।? (व्यवधान)

मैं आखिर में बिहार की बात कहना चाहता हूं । बिहार सरकार लगातार बिजली की बात कहती रही है । जैसे ? वन नेशन, वन एजुकेशन? की बात होती रही, ?वन नेशन, वन हैल्थ? सिस्टम राजस्थान सरकार ने लागू किया । बिहार सरकार ने आपको चार चीजें भेजी हैं, एक है ? वन नेशन, वन टैरिफ । बिहार सरकार द्वारा बिजली का अपव्यय 4,000 करोड़ रुपये होता है और 70 पैसे का बोझ एक आदमी पर पड़ता है । बिहार सरकार की लगातार मांग है कि हाई डैम परियोजना को बढ़ावा देना है और इसके लिए 40,000 करोड़ रुपये चाहिए । इससे पूरा कोसी, सीमांचल और मिथलांचल को बढ़ावा मिलेगा । इस बजट में क्या हुआ? क्या नेपाल सरकार से हाई डैम परियोजना बनाने की बात की? ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात समाप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री राजेश रंजन **:** महोदया, बिहार सरकार ने कहा है कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 15 प्रतिशत जीएसटी माफ कर दें ताकि हम अपने यहां उद्योग डेवलप कर सकें । डालमिया नगर की बात हुई । हमने पूर्णिया में आईआईएम की बात कही, पूर्णिया, कोसी सीमांचल में आईआईटी की बात कही । हमने मक्का और मखाना के लिए फैक्ट्री की बात कही, लेकिन आपने कुछ नहीं किया, बल्कि उल्टा सारे मिडल क्लास पर जीएसटी का बोझ डाल दिया । आपने युवाओं और गरीबों पर बोझ डाल दिया । आपने किसानों पर बोझ डाल दिया और आप कॉरपोरेट को सपोर्ट करते रहे । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आप अपनी बात समाप्त करें ।

? (व्यवधान)

श्री राजेश रंजन **:** आप मुझे 30 सेकंड का समय दीजिए ।

मेरा आग्रह है कि कम से कम बिहार के लिए विशेष पैकेज दीजिए । हमारे मुख्यमंत्री और हम लोग मिलकर विशेष राज्य की मांग करते रहे हैं । वाटर, पर्यावरण, जलवायु और पर्यटन के लिए विशेष पैकेज दीजिए । हम कोसी सीमांचल के लिए विशेष पैकेज की मांग करते हैं ताकि मक्का और मखानों पर आधारित फैक्ट्री को डेवलप कर सकें । हम बिहार में अधिक से अधिक एयरपोर्ट्स को डेवलप करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपकी कोई योजना नहीं है ।

SHRI SHAFI PARAMBIL (VADAKARA): Thank you, hon. Chairperson, for this opportunity.

A year of protest against the federation, slept on the pavements for 40 days; was beaten and dragged by the police, nearly immersed all her medals in the Ganga, underwent knee surgery, sealed her Olympic spot after an unforgiving qualification process, and became the first Indian woman wrestler to qualify for three successive Olympics. Then, she has beaten the unbeatable defending champion. She won two more bouts to become the first Indian woman to reach a wrestling Olympic final. The world failed to appreciate what Vinesh Phogat has done. But now, there is a heart-breaking news for 144 billion Indians that she is disqualified.

Madam, gold, silver or disqualified, no matter what, Vinesh Phogat is India's golden girl, the brave golden girl. It is so for 144 billion people; our prayers are behind her. We stay strong behind her except for the few people who feel that her medals are not worth than Rs. 15. We know who are they.

?हजारों बर्क गिरे और लाखों तूफान उठे,

खिलने वाले फूल खिले ही रहेंगे ।?

She will shine, she will bloom, and she will be our proud daughter forever.

Madam, I do not think it was right on the part of the Government to quote the amount today that was spent on her practice. When the whole world was listening, we must not be declaring our crores, what we have spent on them. It is not from any BJP leader's estate; it is the money of the people of this country.

Madam, today, our responsibility was just to show our solidarity to her. It was not good on the part of the Government of India to detail who all people they have sent with her, how much money they have spent for her, and which all nations they sent her for practice. They could have said that some other day, but not today. Our

responsibility was to stay behind her, to support her, and not to do what the federation has done to her during the last one year.

Madam, now the Government has to ensure that all possible measures and steps must be taken to ensure that she gets her berth back. Our Olympic team, our contingents, our Government, whoever is responsible, must talk to the officials.

Madam, we must realize that it is not as easy as putting someone as the federation head, whether it will be the Wrestling Federation or the BCCI. It requires effort; it requires money; it requires price, and everything. So, let us just support our girl.

Madam, 33 years ago, the contrasting qualities of gentleness and strength in the voice of Dr. Manmohan Singh reverberated through the Indian Parliament. It was 33 years ago in July when Dr. Manmohan Singh boldly came up with an idea by risking his political power to put India on the path of high economic growth. But what did we hear on 23rd July, 2024? That was a Budget speech inked with hunger for power. Nothing else was seen. Where did the extra 2AB come from? We all know where it came from. Everybody has rightly quoted that this is ?Kursi Bachao Budget?, and we all know that. I make a request to the people of that AB, that is, Andhra Pradesh and Bihar, to watch like a hawk and ensure that with blighted breath; these promises are not like something two crore jobs a year; these promises are not like curbing terrorism forever; it is not like bringing back all the black money from abroad to India; it is not like the 1,25,000 crore that has been offered to Bihar in the past also. So that extra 2AB is also not going to work out. That is what we hear from our colleagues. ? (*Interruptions*) That is what I said.

Madam, this Budget is suppressing the voice and lives of millions of middle-class and poor citizens of this country. How failed, ignorant and clueless is the Budget about the rising unemployment in our country?

Madam, I represent the young nation. Our unemployment rate is 9.2 per cent. It was 5.44 per cent in 2014, and someone offered two crore jobs every year, and they have ensured that our unemployment rate rises to 9.2 per cent, the worst in decades. And, the Budget is going to address it just by saying that 500 corporates will intake 20,000 interns every year. It will amount to one crore interns. Will that be able to address this issue? One thing is for sure. The gas from gutter idea is much better than this internship idea.

Madam, this is my maiden speech. When we saw the Prime Minister in the Central Hall, taking the Constitution in his hands and kissing it with his forehead, we

thought that it is a beginning, but now only we realize that it was a farewell kiss. From third standard and sixth standard textbooks, they have removed the lessons about the Preamble. What scares them? Is it India being a sovereign, socialist, secular, democratic republic or is the justice, liberty, equality or fraternity? What scares them?

Madam, I must say that they discriminate the people, discriminate the States, and divide the people of this country. And, we know that that farewell kiss has given a clear message that they would not respect the Constitution of this nation.

16.00 hrs

Madam, we know that a country can grow only when there is harmony around. Otherwise, a country cannot grow.

Now, I come to the corporate tax. We all know that it has been higher than the tax that have been paid by the middle class of this country. They have to pay their bills, they have to pay their home loans, they have to pay their car loans, and when they go to the petrol pump, they are charged Rs.40 as tax for a litre of petrol, they are charged Rs.30 as tax for a litre of diesel and after all that, when they find that they cannot meet the expenses of their treatment, if they take a medical insurance, you are going to charge them 18 per cent GST on medical insurance. This is a tax terrorism. This is really a tax terrorism. How can a nation like India with this huge population of middle-class people live up to this?

You are corporate friendly. You are anti-poor and anti-middle class. The nation has given a clear writing on the wall. You have not realized it. I must say that you will realize it. We all know that an end will be there for this tax terrorism where you will be thrown out of power and we will be coming back to power. Thank you, Madam.

श्रीमती हरसिमरत कौर बादल (भटिण्डा) : धन्यवाद सभापति महोदया । सबसे पहले मैं आग्रह करूंगी कि इस फाइनेंस बिल का नाम बदलकर टैक्स ट्रैप्ड बिल होना चाहिए, क्योंकि यह एक ऐसा जाल है, which traps everybody in it. If you earn money, you pay tax; if you spend money, you pay tax; if you save money, you pay tax; if you invest money, you pay tax; and if you pay tax also, you have to pay tax in the form of a cess or something.

16.02 hrs

(Shri A. Raja *in the Chair*)

अमीर हो, गरीब हो, बुजुर्ग हो, बच्चा हो, विकलांग हो, हरेक को जब इस टैक्स के जाल में फंसा लिया है तो, why should it be called the Finance Bill? It should be called a tax trap bill which traps 140 crore people and does not spare anyone whether he is poor or rich? But this Bill is definitely very kind to the corporates. The tax has been reduced for foreign corporate companies from 45 per cent to 35 per cent. But the Angel Tax which used to be levied on Start-Ups and all has all been finished.

The tax for domestic businesses and corporates was lowered in 2019, लेकिन, दस साल बाद सिर्फ फॉरेन कंपनीज के लिए, क्या बात है कि दस साल बाद सरकार का प्यार अपनों के साथ नहीं बल्कि विदेशियों के साथ बढ़ गया है । यह बहुत दु:ख की बात है ।

I will also say that taxing life and health insurance is nothing less than tax terrorism. The Constitution enshrines right to life and here this Government is putting 18 per cent tax on something like that is nothing less than shameful. हर तरफ से, जो गरीब होता है, जो छोटा इंसान आगे बढ़ना चाहता है, उसी के साथ पक्षपात किया गया है । आज कॉर्पोरेट टैक्स में उनको सिर्फ 25 परसेंट टैक्स देना होता है । लेकिन, पार्टनरशिप और प्रोपराइटरशिप को 30 परसेंट टैक्स देना होता है । पार्टनरशिप और प्रोपराइटरशिप कौन करता है? जो थोड़ा-सा पैसा जमा करके अपने किसी रिश्तेदार के साथ कंपनी बनाकर, दोस्त के साथ पार्टनरशिप और प्रोपराइटरशिप करता है, उसको 30 परसेंट टैक्स देना होता है । मेरी पहली डिमांड है कि have and have-nots की खाई को मत बढ़ाइए बल्कि छोटे वालों को इनकरेज कीजिए । अगर कॉर्पोरेट टैक्स 30 परसेंट हो सकता है तो प्रोपराइटरशिप और पार्टनरशिप को भी 20 परसेंट करके इनकरेज कीजिए ।

सर, इसी तरह से मैं एमएसएमई इंडस्ट्री के बारे में कहना चाहूंगी । सबसे छोटे, मीडियम और स्मॉल स्केल इंडस्ट्री, जो सबसे ज्यादा एम्पलॉयमेंट जेनरेट करती है, आज उनको इनकरेज करने की जरूरत है । इनको इनकरेज करने के स्थान पर आपका जो क्लॉज 43-बी है, जिसके बारे में मैंने पहले भी कहा था कि वित्त मंत्री जी ने लुधियाना में हमारी इंडस्ट्रीज को एश्योर किया था कि मैं यह क्लॉज हटा दूंगी, लेकिन आज इसको नहीं हटाया जा रहा है । ये कहते हैं कि यह एमएसएमई के फेवर में है । यह एमएसएमई के फेवर में कैसे है? जिस एमएसएमई को 15 दिनों में पैसे देने है, अगर 15 दिन में पैसे न दिए तो आपके सारे टैक्स इंसेंटिव्स खत्म हो जाते हैं । उसके बाद लोगों ने छोटे वालों से लेना ही छोड़ दिया, क्योंकि 15 दिन की जगह, दूसरे वालों से 45 दिन में पेमेंट करनी होती है ।

इसलिए बड़ी कंपनियों से माल लेने लगे और सारी छोटी-छोटी कंपनियां खत्म हो रही हैं । So, this is totally anti-MSME.

Sir, when the Government has gone for ?One Nation, One Market, One Tax?, there should freight equalisation. जहां पर स्टील मैन्युफैक्चर होती है, वहां आस-पास के जो क्षेत्र हैं, उनको सस्ते दामों पर मिलता है, लेकिन पंजाब जो लैंडलॉक्ड है, पोर्ट से दूर है, मैन्युफैक्चरिंग से दूर है, जब हम वही स्टील खरीदते हैं, तो महंगा पड़ता है । उसकी वजह से स्टील से बनने वाली चीजें वाइवल नहीं होती हैं । वे कॉम्पिटेटिव नहीं रहती हैं, इसलिए freight equalisation is very important.

Now, I will now come to the bicycle industry. आज हमारे देश में जो गरीब से गरीब आदमी है, उसका मोड ऑफ ट्रांसपोर्टेशन क्या है? वह या तो पैदल चलता है, क्योंकि वह बस की 10 रुपये की टिकट अफोर्ड नहीं कर सकता है या वह चार पैसे इकट्ठे करके साइकिल से जाता है । Forty years ago, India and China were at par, but today, while India produces only 2.8 crore bicycles, China produces 32 crore bicycles every year. Why has this difference occurred in these 40 years? The reason is that the technology has been upgraded in China while there is no fund for technology upgradation in India and thereby, encouraging this industry which is a poor man?s mode of transport, which is totally environment-friendly. गरीब से गरीब आदमी की मदद करने की बजाय, there is no fund for technology upgradation for our Indian industry. There is no micro-financing for this industry so that प्रदूषण मुक्त मोड ऑफ ट्रांसपोर्ट हो । जो गरीब है, उसको कोई माइक्रो फाइनेंसिंग करे । 30 करोड़ से ज्यादा ऐसे गरीब लोग हैं, जो चौकीदार का काम करते हैं । गरीब दुकान तक पैदल चलकर जाता है, क्योंकि वह बस का 10 रुपये का भाड़ा नहीं दे सकता है । आप साइकिल को सस्ता करें, ताकि वह बेचारा भी साइकिल से जा सके ।

Sir, there has been such a bias against the MSME industries. There was the Credit Linked Capital Subsidy Scheme under which you used to get back Rs. 50 lakhs, if you had a limit of Rs. 1 crore, and you took a bank loan to upgrade your machinery. Now, they have increased the limit to Rs. 5 crores, but they have taken back the subsidy. It means that now the Government is saying that the limit is Rs. 5 crores and you can take a loan, but there would be no subsidy. The component of subsidy was very important for the MSMEs to be able to upgrade their machinery. This is one scheme.

Sir, there is another scheme, Production Linked Incentive Scheme. The PLI Scheme also favours people who have a turnover of Rs. 200 crores. What happens to MSME? Why is MSME not included in the PLI Scheme? There was also a scheme for small MSMEs under which for attending certain Government listed fairs abroad, if you were a woman entrepreneur, you got 80 per cent subsidy on your airfare. If you were a small or micro entrepreneur, you got 85-90 per cent subsidy. The Government has disbanded that scheme. These people used to go to these fairs and get good technology with the help of which they used to upgrade their products. Now, they have disbanded it. The cost of putting up a stall at such fairs is Rs. 45 lakh or so. Which MSME can put up a stall by spending Rs. 45 lakhs ? I would request the Government to encourage knowledge-sharing and transfer of technology; please bring back these CGS and ICS Schemes.

Sir, my next point is on agriculture machinery. It is very unfortunate that tax rationalisation has not been done on agriculture machinery and implements. These

farmers toil day and night to feed 1.4 billion people of this country. वर्ष 2022 में आपने न तो आमदनी दोगुनी की, न ही इनको एमएसपी पर लीगल गांरटी दी, जिसका आपने वादा किया था, न ही इस बजट में किसानों के लिए कुछ है । कम से कम जो एग्रीकल्चर इम्प्लीमेंट्स हैं, they pay 28 per cent tax on their inputs while on their output, they can only get 12 per cent GST. I request that it should be rationalised, if not removed, which is very important to encourage the farmers.

Sir, I would like to come to the last point which is the issue of debt trap of Punjab. In the last eight years, Punjab has been pushed into such a financial debt trap that वर्ष 2022 में हमारा लोन जो पौने तीन लाख करोड़ रुपये था, वह आज पौने चार लाख करोड़ रुपये हो गया है । The State?s debt to GSDP ratio is 47.6 per cent, which is the second highest in the country. Our industry used to contribute 28.5 per cent to the State?s GDP in 2012 and now, it has come down to 25.5 per cent. There is a loss of three per cent because of the mismanagement of the Congress and the Aam Adami Party. On the other hand, BJP is giving tax concessions to all our neighbouring States, and our industries have all run out of Punjab. This de-industrialisation, and the farmers already being in distress with a high number of farmer?s suicide, has led to such a high proportion of unemployment that Punjab?s unemployment rate is double that of the nation.

Our State is the only State which does not have its separate capital. The capital is a hub from which funds are collected. Our Chandigarh be given to us. Since 1970, when we have not got our separate capital, all the money that has been collected by the Central Government be given to Punjab and compensated. Our borders, the Wagah Border and the Hussainiwala Border, be opened for trade so that our industry, our farmers, and our youths can all prosper in Punjab. This is my request.

श्री हनुमान बेनीवाल **(**नागौर**) :** सभापति महोदय, सदन में आज वित्त (संख्याक -2) विधेयक पर चर्चा हो रही है, आपने मुझे उसमें बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

महोदय, पक्ष- विपक्ष के साथियों ने कई बिन्दुओ पर अपनी बात कही, वित्त मंत्रालय की कार्यशैली और इसके विभिन्न पहलुओं में कमी पर सदन को गंभीरता से विचार करना चाहिए और यह बात इसलिए भी महत्पूर्ण है क्योंकि वित्त मंत्रालय देश की आर्थिक नीतियों और योजनाओं का संचालन करता है और इसकी कार्यकुशलता का सीधा प्रभाव देश की आर्थिक स्थिति पर पड़ता है ।

महोदय, वित्त मंत्री ने कहा कि नए टैक्स रिजीम के तहत अब 7 लाख रुपये तक की इनकम पर कोई टैक्स नहीं लगेगा । यानी कि टैक्स रिबेट को बढ़ा दिया गया है. इससे पहले यह रिबेट 5 लाख रुपये तक मिलती थी । अब इसे बढ़ाकर 7 लाख रुपये तक कर दिया गया, लेकिन वो इनकम यदि 7 लाख से एक रुपया भी अधिक है तो कितना टैक्स देना पड़ेगा और कैपिटल गेन इनकम में 7 लाख तक वालों को भी टैक्स देना पड़ेगा, ऐसे में आप

स्पष्ट करें कि आखिर सच्चाई क्या है, क्या आप केवल गुमराह कर रहे हैं? मेरी मांग है कि इसको सात लाख रुपये से बढ़ाकर दस लाख रुपये किया जाए ।

महोदय, महंगाई की मार पूरा देश झेल रहा है । आम आदमी झेल रहा है । जिस तरह की महँगाई है उसमें घर चलाना, बच्चों को पढ़ाना और घर के बड़े बुजुर्गों के दवा इलाज के लिए बचाना नामुमकिन है । मेरी मांग है कि पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस की कीमतों को जनहित में तत्काल कम किया जाये ताकि महंगाई भी कम हो और महंगाई कम करने के अन्य ठोस उपाय किये जायें ।

इस देश में OPS की बहुत पुरानी मांग है । मैं मांग करता हूं कि देश में केंद्रीय कार्मिक, पैरा मिलिट्री के जवान लगातार ओल्ड पेंशन स्कीम को फिर से लागू करने की मांग कर रहे है, मेरी मांग है कि OPS पुनः लागू की जाये ।

GST- ट्रेक्टर सहित अन्य कृषि उपकरणों को जीएसटी मुक्त किया जाये । MSP पर कानून बनाते हुए किसान की पूर्ण उपज एमएसपी पर खरीदने का प्रावधान बनाया जाये । जब किसान आंदोलन चला तब आपकी सरकार ने आश्वस्त किया था कि अब की बार एमएसपी पर खरीद का कानून बनाएंगे । यह निश्चित रूप से आपको बनाना चाहिए । मैंने एनडीए किसानों के आंदोलन के बाद ही छोड़ी है, पहले हम उधर ही बैठते थे ।

किसान कर्ज माफी ? 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज धन्नासेठों का माफ किया गया । मैं मांग करता हूं कि किसानों का जो 15-16 करोड़ रुपये का विभिन्न राज्यों में किसानों का कर्ज है, उसकी माफी की जाए ।

खनन - देश की खनिज नीतियों ने बदलाव की जरुरत है, मेरे नागौर जिले में प्रचूर मात्रा में लाइम स्टोन है । किसानों को उनकी खातेदारी में खनन के लिए छोटे पट्टे दिए जायें और बजरी के लिए भी खातेदारी में भूमि मालिक को ही छोटे पट्टे देने का प्रावधान बनाया जाये ताकि माइनिंग माफियाओ पर लगाम लग सके ।

पशुपालन ? राजस्थान में नागौरी नस्ल के बछड़े धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं, क्योंकि सरकार किसी तरह का प्रोत्साहन नहीं दे रही है । राजस्थान में 3 वर्ष से कम उम्र के बछड़ों पर बिक्री व परिवहन पर लगी रोक को किसानों व पशुपालको के हित में हटाई जाये । पशुओ में होने वाली वायरस जनित बीमारियों की जाँच के लिए राजस्थान में एक राष्ट्रीय स्तर की लैब शुरू की जाये । मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर में राष्ट्रीय स्तर का डेयरी अनुसन्धान केंद्र स्वीकृत किया जाये ।

सभापति महोदय, स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की डिमांड पर माननीय सदस्यों ने चिंता जाहिर की थी । देश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए जितने बजट की आवश्यकता थी उस आवश्यकता से 73 प्रतिशत कम बजट दिया गया । मेरी मांग है कि इसे बढ़ाते हुए देश में सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज की सम्मान दरों को लागू करने, निजी अस्पतालों की लूट पर लगाम लगाने और सरकार के स्तर से प्रत्येक देशवासी को कम से कम 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त में करवाया जाये । प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जाए ।

जोधपुर स्थित एम्स में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर चहेते लोगों को बिना किसी प्रशासनिक अनुभव के डेप्युटेशन पर लगा रखा है । मेरी मांग है कि ऐसे पदों पर स्थाई नियुक्तियां योग्यता के आधार पर की जायें । पूर्व में निजी कम्पनी के सॉफ्टवेयर और सर्वर किराये पर लेकर जो भ्रष्टाचार एम्स जोधपुर में किया गया, उसकी जाँच करवाई जाये । नागौर में बन रही सरकारी मेडिकल कॉलेज में शीघ्रता से यूजी कोर्स प्रारम्भ करने के लिए NMC मान्यता दिलवाई जाये ।

महोदय, बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया है । उसका हमने स्वागत किया है । मैं मांग करता हूं कि राजस्थान की विपरीत भौगौलिक परिस्थितियों को देखते हुए विशेष आर्थिक पैकेज राजस्थान को भी दिया जाये ।

रेलवे - बीकानेर से नागौर होते दिल्ली जाने वाली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन नियमित करते हुए इसका नाम गौ-रक्षक वीर तेजाजी महाराज के नाम से किया जाये । कुचामन, नावां व मुंडवा तथा खजवाना व देशवाल व छोटी खाटू आदि स्टेशनों पर जनता की मांगों के अनुसार ट्रेनों का ठहराव स्वीकृत किया जाये । फलौदी- नागौर तक नई रेलवे लाइन के सर्वे को जायल होते हुए डीडवाना -कुचामन तक बढ़ाया जाये नोखा - बीदासर - लाडनू - सुजानगढ़ रेलवे लाइन के सर्वे पर कार्य किया जाये ।

सभापति महोदय, मैं नागौर में केंद्रीय शुष्क कृषि विश्वविद्यालय के बारे में कहना चाहता हूँ कि बजट 2014-15 में तत्कालीन वित्त मंत्री जी ने राजस्थान में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने की बात कही थी, लेकिन तत्कालीन राजस्थान सरकार की कमी के कारण वह बजट घोषणा क्रियान्वयन नहीं हो पाई । मेरी सरकार से मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर में केंद्रीय शुष्क कृषि विश्वविद्यालय स्वीकृत किया जाए । जिस तरह किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है, उसी तर्ज पर देश के पशुपालकों के हित के लिए पशुपालक सम्मान निधि योजना प्रारम्भ की जाए ।

सभापति महोदय, देश में राष्ट्रीय राजमार्गो पर 983 टोल नाके हैं, जिसमे सर्वाधिक राजस्थान में 142 टोल बूथ हैं, लेकिन टोल लेने के बावजूद सड़कों की बदहाल स्थिति है । जयपुर- अजमेर के मध्य चार से पांच घण्टे लगते हैं । मेरी सरकार से मांग है कि प्रदेश को टोल से मुक्त किया जाए ।

सभापति महोदय, मेरी कुछ प्रमुख मांगें हैं । मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर के खींवसर, परबतसर व डीडवाना में तथा नागौर जिले के ही मेड़ता में नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति के लंबित प्रस्तावों पर विचार कर इन चारों स्थानों पर नए केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत किए जाएं और चालू कराए जाएं । नागौर संसदीय क्षेत्र के ही मकराना, जायल व लाडनूं उपखण्ड मुख्यालय पर नए केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव केवी संगठन के माध्यम से मंगवाए जाएं । चूँकि नागौर लोक सभा क्षेत्र में नागौर व डीडवाना-कुचामन दो जिले हैं और वर्तमान में कुचामन में नवोदय विद्यालय है, परन्तु नागौर जिले में नवोदय स्कूल नहीं है । इसलिए नागौर जिले के खींवसर में नवोदय विद्यालय स्वीकृत किया जाए । डीडवाना अलग जिला बन गया है इसलिए वहां पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए । मेरे संसदीय क्षेत्र नागौर सहित राजस्थान की तमाम सरकारी स्कूलों में जर्जर स्कूली भवनों के स्थान पर नए भवन बनाने, स्कूलों में मरम्मत करवाने हेतु भारत सरकार विशेष आर्थिक पैकेज जारी करे ।

HON. CHAIRPERSON: Hon. Member, please conclude. Otherwise, I am calling the name of the next Member to speak.

? (*Interruptions*)

श्री हनुमान बेनीवाल **:** सभापति महोदय, मैं समाप्त कर रहा हूँ । मेरा यही निवेदन है कि आज पूरे 140 करोड़ देशवासी देख रहे हैं कि विनेश फोगाट को ओलंपिक से बाहर कर दिया गया । इसमें प्रधान मंत्री जी को हस्तक्षेप करना चाहिए । वे 56 इंच चौड़े सीने की बात करते हैं । आज पूरा देश देख रहा है । प्रधान मंत्री जी को ओलंपिक रुकवाकर विनेश फोगाट को ओलंपिक खिलवाना चाहिए ।

HON. CHAIRPERSON: This matter has already been discussed.

? (*Interruptions*)

श्री हनुमान बेनीवाल **:** सभापति महोदय, पूरे देशवासियों की मांग है कि विनेश को वापस खिलवाने के लिए सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए, मोदी जी को हस्तक्षेप करना चाहिए । सिर्फ ट्विट करने से काम नहीं चलेगा । आज पूरा देश देख रहा है कि आज आप फेल हो गए हैं । आप किस तरह का भाषण पढ़ रहे थे कि हमने इतना खर्च कर दिया, इतना बजट दे दिया । ? (व्यवधान)

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल **(**दमन और दीव**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे वित्त विधेयक वर्ष 2024-25 पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ ।

सभापति महोदय, सरकार ने इनकम टैक्स की दरों में जो बदलाव किया है, वह स्वागत योग्य है । लेकिन बजट में प्रॉपर्टी की बिक्री पर इंडेक्सेशन को समाप्त कर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को 12.5 प्रतिशत किया गया है । मेरी सरकार से मांग है कि इंडेक्सेशन वाले मुद्दे पर सरकार पुनर्विचार करे और उसको वापस ले ।

सभापति महोदय, श्रिंप और फिश फीड पर बीसीडी को घटाकर 5 प्रतिशत करने और उनके विनिर्माण में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न इनपुट्स पर भी सीमा शुल्क में छूट देने के प्रस्ताव के लिए मैं सरकार का आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूँ ।

जीएसटी से प्राप्त राशि के संदर्भ में सरकार ने कहा कि हमने इससे जुड़े कर संग्रह को ध्यान में रखने के साथ ही इस बात पर जोर दिया कि छोटे व्यापारियों एवं छोटे उद्योगों को कोई तकलीफ नहीं हो, लेकिन महोदय हमारे प्रदेश में अनेक फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं । क्योंकि अब हमारे प्रदेश में फैक्ट्रियों के लिए कोई विशेष लाभ नहीं है । साथ ही स्थानीय प्रशासन के अडियल रवैये और गलत नीतियों से फैक्ट्री वाले बहुत परेशान हैं, जिसकी वजह से भी फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं । ऐसे भी कोरोना काल में जिन फैक्ट्रियों को नुकसान हुआ है, वह आपके समक्ष है ।

सभापति महोदय, हमारे देश में राज्य 50 प्रतिशत जीएसटी के रूप में ही केन्द्र को रेवेन्यू देते हैं । जबकि हमारा केन्द्र शासित प्रदेश 100 प्रतिशत रेवेन्यू जीएसटी के रूप में देता है । मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि हमारे प्रदेश की फैक्ट्रियों को बचाने के लिए 50 प्रतिशत जीएसटी केन्द्र भले ही ले ले, लेकिन राज्य के तौर पर ली जाने वाली 50 प्रतिशत जीएसटी माफ करे और फैक्ट्रियों को उसका बेनिफिट पहुंचाए । बीमा पर लगाया गया जीएसटी कम किया जाए, ताकि सब लोग बीमा का फायदा ले सके ।

सभापति महोदय, हमारे प्रदेश में सुगम वाहन व्यवहार के लिए एवं गुजरात से कनेक्टिविटी के लिए हमें नानी दमण के कड़ैया से कोलाक तक गुजरात से जोड़ने वाला ब्रिज तथा जमपोरे, मोटी दमण से फनसा तक गुजरात को जोड़ने वाला ब्रिज बनवाने के लिए बजट दिया जाए ।

इसके साथ ही नानी दमण के नमो पथ को, मोटी दमण को राम सेतु से जोड़ने के लिए, केबल ब्रिज के निर्माण के लिए भी बजट दिया जाए ।

महोदय, शिक्षा बोर्ड बनाने, यूनिवर्सिटी और एम्स बनाने के लिए भी बजट दिया जाए । मोनोरेल, चेक डेम बनाने एवं दीव में ड्रेजिंग के साथ विशेष हार्बर प्रोजेक्ट देने की कृपा करें ।

महोदय सरकार एफडीआई द्वारा विदेशी इन्वेस्टमेंट बढाना चाहती है और हमारा प्रशासन हमारे ओसीआई पासपोर्ट धारक भाइयो के काम धंधे बंद करवाने के लिए नए-नए नियम बनाती है । महोदय जी, हमारे प्रदेश में हमारे ओसीआई पासपोर्ट धारक भाइयो के बार लाइसेंस, लीकर लाइसेंस, दुकान के लाइसेंस जैसे विविध

व्यवसाय एवं रोजगार की परमिशन कैंसिल कर उनके काम धंधों को बंद करवाया जा रहा है । क्या ऐसे ही एफडीआई इंवेस्टमेंट बढ़ाया जाएगा?

अध्यक्ष महोदय, मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है कि एफडीआई इंवेस्टमेंट बढ़ाने के लिए हमारे प्रदेश में ओसीआई पासपोर्ट धारकों के विभिन्न व्यवसाय एवं रोजगार की परमिशन कैंसिल नहीं की जाएगी तो निवेशकों में अच्छा संदेश जाएगा और वे देश में इन्वेस्ट करने के लिए तैयार भी रहेंगे । हमारे ओसीआई पासपोर्ट धारकों को विभिन्न व्यवसाय करने की अनुमति दी जाए ।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से कहना चाहता हूं कि भारत सरकार ने जो टैक्सेशन ईयर रखा है, उसे कैलेंडर ईयर जनवरी से 31 दिसम्बर करना चाहिए । चैरिटेबल ट्रस्ट के टैक्स के स्ट्रक्चर में काफी सुधार की जरूरत है, इसे और ईजी बनाना चाहिए । पार्टनर्शिप फॉर्म पर 10 प्रतिशत टीडीएस लगाया गया है, उसे नाबूद किया जाए । ओल्ड टैक्स रिजीम और न्यू टैक्स रिजीम में लोग कंफ्यूज हो रहे हैं । मेरी यह मांग है कि न्यू टैक्स रिजीम ही रखा जाए । शेयर बजार में पुरानी टैक्स व्यवस्था को लागू किया जाए ।

सरकार वित्तीय घाटा घटाना चाहती है । हमारे प्रदेश में प्रोजेक्ट पर जो भी लागत है, उस पर 40-50 प्रतिशत ऊपर जाकर टेंडर दिए जा रहे हैं और कार्य समय सीमा में पूरा नहीं करा कर, उन्हें दो-तीन सालों के लिए आगे बढ़ाया जाता है, जिससे बहुत सारा नुकसान होता है । मेरी आपसे रिक्वेस्ट है कि उस पर ध्यान रखा जाए ।

आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

एडवोकेट चन्द्र शेखर **(**नगीना**) :** सभापति महोदय, आपने मुझे वित्त (संख्याक) विधेयक, 2024 पर बोलने का मौका दिया है । इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । किसान और मजदूर रात में थक कर सो जाते हैं । वे सपने में देखते हैं कि जीवन बदल रहा है, गरीबी खत्म हो रही है । जब सुबह आंख खुलती है तो लगता है कि वापस ज्यों का त्यों है, ऐसा ही इस बार का बजट गरीबों के लिए था ।

महोदय, मैं अपने क्षेत्र से शुरुआत करूंगा । मेरा क्षेत्र नगीना बाढ़ प्रभावित है, उस पर कोई चर्चा नहीं हुई । किसान और आम आदमी परेशान है । गन्ना मिल समय पर पैसा नहीं देती है । पिछले साल गुलदार ने 30 लोगों की जान एक साल में ली है, उससे अमीरों को फर्क नहीं पड़ता है । उद्योग-धंधे लगाने की कोई बात नहीं हुई । मेडिकल कॉलेज और एम्स के निर्माण की कोई बात नहीं हुई । ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना, स्पोर्ट्स कॉलेज की कोई बात नहीं हुई ।

महोदय, देश में भूमि सुधार किया जाए । भूमाफियाओं ने लाखों बीघा जमीन पर कब्जा किया हुआ है, भूमिहीनों को भूमि दी जाए । बिजली के दाम में कटौती की जाए, गरीबों को कम दाम पर बिजली उपलब्ध कराई जाए । ठेकेदारी प्रथा, संविदा, लेटरल एंट्री खत्म की जाए, पक्की नौकरी दी जाए । निजीकरण की वजह से सरकारी नौकरियां लगभग खत्म हो गई हैं । मेरी मांग है, मैंने निजी विधेयक भी पेश किया था कि निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी और ओबीसी के लोगों को आरक्षण की व्यवस्था कराई जाए और पुरानी पेंशन बहाल की जाए ।

एक तरफ सरकारी योजना चला कर, प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर मकान दिए जाने की बात होती है, वहीं लखनऊ के अकबर नगर को तोड़ दिया जाता है । नवी मुंबई के खारघर में?(व्यवधान) सर, माइक नहीं है । सर, बंद कर रहे हैं ।?(व्यवधान) माइक चालू हो गया । धन्यवाद ।

हमारे लोग आर्थिक रूप से बड़े कमजोर हैं और 2 अप्रैल, 2018 के मुकदमों के बारें में सरकार से कई बार बात हुई, लेकिन वे वापस नहीं हुए । उनको वापस लिया जाए । सर, वकीलों की सुविधा लेने में बहुत पैसे लगते हैं । भीमा कोरे गांव, महाराष्ट्र में तीन हजार मुकदमें दर्ज हुए थे । वे पुणे में वापस हुए हैं । दीक्षा भूमि हमारा गौरव है, वहां पार्किंग बना कर उसको अपमानित किया जा रहा है, उसको बंद किया जाए । पेट्रोल पंप्स के डीलर की मार्जिन वर्ष 2017 से नहीं बढ़ी है । इसका असर ग्राहकों पर पड़ता है । इसका असर पेट्रोल पंप को सुचारू चलाने वाले नेटवर्क पर पड़ता है । डीजल मार्जिन की बढ़ोतरी नहीं होने से वहां काम करने वाले हजारों-लाखों कर्मचारियों के जीवन पर असर पड़ रहा है । सहारा में 10 करोड़ जर्माकर्ताओं का लाखों-करोड़ों रुपये जमा है । कंपनी बंद हो जाने के कारण 10 लाख से ज्यादा एजेंट्स बेरोजगार हो रहे हैं और नौकरी कहीं है नहीं । भुगतान न होने के कारण जमाकर्ताओं के द्वारा एजेंट पर जबर्दस्ती भुगतान कराने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसके कारण 5 हजार से ज्यादा एजेंटों ने आत्महत्या कर ली है ।

महोदय, उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा सूबा है । उसको इस बजट में कुछ नहीं मिला । उत्तर प्रदेश से लगभग 80 मैम्बर्स जीत कर आए हैं । बजट न के बराबर मिला है । उत्तर प्रदेश के अंदर 25 करोड़ से ज्यादा की आबादी है । सरकार 5 किलो राशन दे रही है, लेकिन जीवन जीने के लिए यह काफी नहीं है । अगर इज्जत की जिंदगी चाहिए तो और भी बुनियादी सुविधाओं की जरूरत पड़ती है । उसके लिए सरकार के पास कोई उपाय नहीं है । यूपी एक बड़ा राज्य है । यूपी में भाजपा सरकार की विकास की गति बहुत धीमी है । हमारी केन्द्र सरकार से यह मांग है, हमें यूपी की सरकार की चिन्ता नहीं है, लेकिन यूपी की जनता की चिन्ता है । मैं मांग करता हूं कि यूपी को चार भागों में विभाजित किया जाए । डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर ने अपनी किताब थॉट्स ऑफ लिंगविस्टिक स्टेट्स में कहा था? राज्य जितना छोटा होगा, राज्य की प्रगति उतनी होगी । जनता को रोजगार मिलेगा और जनता का जीवन सम्पन्न होगा ।

महोदय, मुझे आपसे एक बात कहनी है । आपने भी यह विषय उठाया था, जब आप अपनी बात रख रहे थे । सुप्रीम कोर्ट के जरिये शेड्यूल्ड कास्ट्स के साथ जो ... किया गया, आप इस बात को इस तरह से समझिये कि मैंने डेढ़ साल पहले यह मांग की थी । अगर हमारे लोग इतने ही हितैषी होते, जब ईडब्ल्यूएस को 10 परसेंट दे सकते हैं, तो पांच परसेंट शेड्यूल्ड कास्ट्स की उन जातियों को दिया जा सकता था । लेकिन गरीबों के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति नहीं है । साथ ही साथ ओबीसी की जो जातियां हैं, उनको भी दिया जा सकता था । हमारे साथ जो खेल किया गया है, इसमें बहुत गुस्सा है । सरकार को संज्ञान लेना चाहिए । सत्ता और विपक्ष वाले दोनों अपना स्टैंड क्लियर कर दें । क्योंकि दलित समाज, आदिवासी समाज इसको देख रहा है । वह भूलेगा नहीं, जो उनके गले काटने का काम करेगा । वह उनको भूलेगा नहीं ।

महोदय, इसके साथ ही मुझे एक पर्सनल बात कहनी है । अभी मैं सुबह से प्रयास कर रहा था कि मैं विनेश फोगाट के लिए बोलूं । जब उसको डिस्क्वालिफाई किया गया, विनेश यहां नहीं हैं, लेकिन ऐसा लगा कि जैसे हमें चाकू घुसेड़ दिया गया हो । मुझे आज भी याद है, उस प्रोटेस्ट में मैंने रातें काटी हैं और मैंने चार-चार गोलियां खाईं । यह देश की अस्मिता से जुड़ा हुआ मामला था । हमारी मांग यह थी कि सरकार स्टैंड क्लियर कर दें, तब भी सुनवाई नहीं की गई । जब मंत्री बोलने आए तो हमने उनसे कहा कि हमें कुछ इनफॉर्मेशन चाहिए, लेकिन उस पर भी बात नहीं हुई ।

सर, सवाल यह है कि हमारे लिए एक गोल्ड आ रहा था । जब यह गोल्ड आता तो देश गौरवान्वित होता । क्या व्यवस्था थी कि उसका वेट बढ़ गया? सिस्टम के लोगों को पता ही नहीं लगा । क्या बेवकूफी की गई है? यह सोचने का विषय है । यह बहुत महत्वपूर्ण मामला है । देश की बेटी का मामला है । वह हरियाणा की बेटी नहीं है

। वह एक जात की बेटी नहीं है, वह हमारी बहन हैं, देश की बेटी है । आपने हरियाणा के साथ क्या किया? आपने हरियाणा का बजट कम किया, जबकि सबसे ज्यादा मेडल हरियाणा लेकर आता है । यह गलत है । यह धोखा है । हमें इस बात की तकलीफ है । विनेश इस देश का नाम गौरवान्वित करती, इस देश का नाम बढ़ाती, लेकिन आज अपमान का सामना करना पड़ रहा है । जब हमारे हितों की बात होगी, तो हम समझौता कर सकते हैं, लेकिन जब देश के हितों की बात होगी, तो बाबा साहेब अम्बेडकर ने कहा था कि हम प्रथम और अंत में भारतीय है । जब देश हितों की बात होगी, महिला हितों की बात होगी, महिला सम्मान की बात होगी, तो हम हर कीमत चुका देंगे । सरकार के मंत्री ने क्या कहा कि हमने इतने पैसे दिए? क्या एहसान किया? क्या आपने कोई खैरात दी? ? (व्यवधान) सर, मैं अपनी बात को खत्म कर रहा हूं । क्या आपने कोई खैरात दी? इससे ज्यादा पैसे हम आपको दे देंगे । लेकिन आपको चाहिए था कि इस मामले को संभालते और देश का सम्मान बढ़ाते । आपने लापरवाही बरती और इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि जब वह बेटी देश लौटे ? (व्यवधान) एक मिनट, रुक जाओ । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि स्पीकर सर यहां बुलाकर उसका सम्मान करें । वह देश की बेटी है । देश के लिए वह गोल्डन गर्ल है । हम यह चाहते हैं कि उसका सम्मान यहां किया जाए । आपने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । ? (व्यवधान) महिला विरोधी चुप रहें । बीच में कोई महिला विरोधी नहीं बोलेगा । ? (व्यवधान)

श्री विशालदादा प्रकाशबापू पाटील **(**सांगली**) :** महोदय, मैं एक उदाहरण दूंगा, जो सरकार के टैक्स की भूख और आम आदमी की स्थिति को दर्शाता है । मेरा एक दोस्त है, जो प्रॉपर्टी डीलर का काम करता है । मार्च में एक प्रॉपर्टी बिकी । उसे 60 लाख रुपये कमीशन हासिल हुआ । उसे 60 लाख रुपये का चैक मिला । उसमें से 9 लाख रुपये जीएसटी में चले गए और साढ़े 50 लाख रुपये उसे मिले । फिर इनकम टैक्स की बारी आई तो 50 लाख रुपये के ऊपर इनकम टैक्स में 30-35 टके चले गये । उसके बाद उसके पास 33-34 लाख रुपये बचे । उसने 33 लाख रुपये बचने के बाद कोशिश की कि वह गाड़ी ले लें । भारत की एक मैन्युफैक्चर्ड गाड़ी लेने के लिए जब वह गया तो उसने 29-30 लाख रुपये की गाड़ी खरीदी । उसने देखा कि मूल गाड़ी की कीमत सिर्फ 17 लाख रुपये थी, बाकी टैक्स था । रोड टैक्स था, जीएसटी था और सेस था । 17 लाख रुपये की गाड़ी लेने के लिए 60 लाख रुपये की इनकम कहां चली गई, यह पता नहीं चला । यह अच्छी साझेदारी हुई कि कमाए हम, लूटे कोई और, तथा सरकार बटोरे ।

17 लाख रुपए की गाड़ी लेने के लिए 40 लाख रुपए टैक्स भरना पड़ता है ।

सर, बेंजामिन फ्रैंकलिन ने कहा था- nothing is certain in this world but death and taxes.

सरकार ने शायद इस वाक्य को बहुत ही सीरियसली ले लिया है । इतने सारे टैक्सेज हैं, जैसे

Corporation Tax, Income Tax, Capital Gains Tax, Gift Tax, other taxes on income and expenditure, Wealth Tax, Securities Transaction Tax, Central GST, Union Excise Duty, ? (व्यवधान) Custom Duty, Road Tax, Water Tax, Property Tax, VAT, Payroll Tax, Consumption Tax, Dividend Tax, Windfall Gains Tax, Gross Receipts Tax, Holding Tax, Sales Tax, Excise Duty, Alternative Minimum Tax, Commodity Transaction Tax, Corporate Tax, Education Cess, Road Cess, Angel Tax, Minimum Alternate Tax, Equalisation Tax. पता नहीं कितने टैक्सेज हैं? आजकल तो ऑक्सीजन पर भी टैक्स लगा दिया है । मुझे

लगता है कि ये नॉर्थ ब्लॉक में बैठते हैं और डिक्शनरी खोल देते हैं, जो पहला शब्द आता है, उसके नाम से टैक्स ठोक देते हैं । पता नहीं इनके टैक्स का स्ट्रक्चर क्या है?

सर, मैं एलटीसीजी पर बात करूँगा । कोई व्यक्ति अपनी एसेट या कमाई क्यों बेचता है? घर में शादी हो, कोई बीमार पड़ा हो या कोई बड़ा नुकसान हुआ हो तो । यह समय है, जब अपेक्षा है कि सरकार कोई मदद करे । मैं किसी एक सरकार की बात नहीं कह रहा हूँ । सालों से, जब हम लोग दिक्कत में कुछ बेचते हैं, तो उस पर पैसा लेते हैं । अपेक्षा यह थी कि 20 टके के एलटीसीजी टैक्स को कम किया जाएगा । लेकिन कम करते वक्त वित्त मंत्री जी ने इसमें से इंडेक्सेशन के बेनिफिट को निकाल दिया । सर, यह ऐसा हुआ कि इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा जहरीला निकल गया ।

सर, मराठी में एक कहावत है- It is completely fine if you are not helping us, but please stop harassing?.

यानी जो हमको चाहिए, वह तो दे दो, लेकिन उसकी जगह हमारे ऊपर कुत्ते न छोड़ो ।

ऐसी बुरी हालत है । पहले से तो महँगाई डायन खा रही है, अब सरकार शैतान बनकर टैक्स ले रही है । मिडिल क्लास और अपर क्लास का जो वोट बैंक है, वह इस सरकार से दूर जाता दिख रहा है । सिर्फ 4.8 परसेंट लोग टैक्स भरते हैं, लेकिन ये 4.8 परसेंट लोग, जो कुल टैक्स देते हैं, उतना टैक्स सारे कारपोरेट टैक्स को मिलाकर, उससे ज्यादा इनकम टैक्स इन लगभग 5 परसेंट लोगों से लिया जाता है ।

सर, हमने बचपन में रॉबिनहुड की स्टोरी सुनी थी । उस पर पिक्चर भी बनी है । यह रिवर्स रॉबिनहुड है । रॉबिनहुड अमीरों को लूटकर गरीबों को देता था । लेकिन यह सरकार गरीबों को लूटकर अमीरों को पैसे देती है ।

सेस और सरचार्ज, जिसे एमरजेंसी में डालना है, इसमें इसको स्टैंडर्ड कर दिया गया है । सेस और सरचार्ज लगाकर स्टेट का हिस्सा चुराकर सेन्ट्रल गवर्नमेंट की यह लेने जो साज़िश है, इसे सब जान रहे हैं । महाराष्ट्र जो इतना बड़ा कंट्रीब्यूशन देता है, महाराष्ट्र के हिस्से में इतना बड़ा टैक्स देकर क्या मिला? सामान्य, आम आदमी को क्या मिला? उनको टूटी हुई सड़कें, भीड़-भाड़ वाले अस्पताल, जिस अस्पताल में घंटों तक बैठने पर इलाज मिलता है । I think, this is not a reformative Budget. लेकिन यह बदले का बजट है, बदला लेना है कि इनको वोट न मिले ।

सर, मैं अपनी दो-तीन डिमांड्स रखकर अपना भाषण कनक्लूड करूँगा ।

सर, सेक्शन 80 सी की जो लिमिट है, इन्होंने मेडिकल इंश्योरेंस पर जीएसटी बढ़ा दिया, उस पर मैं बात नहीं करूँगा, लेकिन आपने जीएसटी बढ़ा दिया है, खर्चे बढ़ रहे हैं । The limit of Rs.1,50,000 is insufficient. I request them to reconsider it.

सर, मेरी एक और डिमांड है । I have almost done.

सर, पार्टर्नरशिप फर्म्स और एलएलपी में, ये कारपोरेट को 25 टका टैक्स ब्रायकेट में ले आए हैं, 400 करोड़ वाली टर्न-ओवर की कम्पनीज़ को । लेकिन एलएलपी यानी लिमिटेड लायबिलिटी पार्टर्नशिप और पार्टर्नरशिप फर्म्स में जो छोटे लोग हैं, उनको ले आएं, तो और फायदा होगा ।

सर, एफोर्डेबल हाउसिंग में 1 परसेंट का जो जीएसटी रेट है, is only upto 45 lakhs. 45 लाख में कहाँ घर मिलता है? वह लिमिट थोड़ी बढ़ा दें । मैं आपके माध्यम से इनसे रिक्वेस्ट करता हूँ ।

धन्यवाद ।

श्री आनंद भदौरिया **(**धौरहरा**) :** माननीय सभापति जी, ?कहाँ तो तय था चिरागा हरेक घर के लिए, कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए ।?

बकौल भारतीय जनता पार्टी आर्थिक नीतियों पर दुनिया के सामने तो हम बड़े हो गए हैं, लेकिन ?बड़ा भारत? का मतलब आप क्या समझते हैं? ?बड़ा भारत? का मतलब बड़े लोगों का भारत या गरीबों का भारत? मैं सत्ता पक्ष के तमाम लोगों को सुन रहा था । अगर गरीबों का भारत है, तो फिर गरीबी क्यों है, महँगाई क्यों है, बेरोज़गारी क्यों है, भुखमरी क्यों है? सत्ता पक्ष के लोग कह रहे थे और वे पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप भी लगा रहे थे कि सौ पैसे में 15 पैसे जाते थे । अब जबकि सौ में सौ पैसे जा रहे हैं, तो देश के हालात ऐसे क्यों हैं?

सभापति जी, देश के अंदर आठ करोड़ लोग इनकम टैक्स देते हैं । इन आठ करोड़ लोगों में लगभग दस लाख लोग ऐसे हैं, जो कम आय वर्ग से संबंधित हैं । ये लोग अपनी आय का 15.22 प्रतिशत हिस्सा इनकम टैक्स के रूप में, अपने घर संबंधी खर्च के रूप में, खान-पान में, 18-20 प्रतिशत हिस्सा खर्चों पर कर के रूप में आम आदमी चुकाता है । बची हुई राशि लाइफस्टाइल, बचत, निवेश, इस पर खर्च करता है । उस पर भी कर का भुगतान करना पड़ जाता है । इस प्रकार एक मध्यम वर्ग के व्यक्ति को 50-55 फीसदी प्रतिभाग कर के रूप में करना पड़ता है । यानी वह प्रभावी रूप से 45-50 प्रतिशत आय ही स्वयं पर उपयोग कर पाता है ।

सभापति जी, आम आदमी अपनी आय पर आयकर देने के उपरांत जरूरत की लगभग सभी वस्तुओं पर जीएसटी चुकाता है । अगर कुछ राशि बच जाए, तो घर-मकान खरीदता है, उस पर भी रजिस्ट्री शुल्क देता है । अगर वह वाहन खरीदे, तो उस पर भी टैक्स दे, रोड टैक्स दे और पेट्रोल-डीजल पर भी टैक्स दे । यदि कुछ बच जाए, तो बचत योजनाओं में इनवेस्ट करे, उस पर भी मिलने वाले ब्याज पर जीएसटी देने का काम करे ।

माननीय वित्त मंत्री जी, जब कर्मचारी आठवें वेतन आयोग की मांग कर रहे हैं, तो आपने इस वित्त विधेयक में, बजट में उसका कोई उल्लेख नहीं किया । जल जीवन मिशन की बहुत चर्चा हुई, हर घर जल पहुंचाने की बहुत चर्चा हुई । आज उत्तर प्रदेश के अंदर सड़कों की क्या हालत है? माननीय अखिलेश यादव जी ने ?जनेश्वर मिश्र ग्रामीण सड़क योजना? के अंतर्गत जो सड़कें बनाई थीं, आज गांव की सारी सड़कें जल जीवन मिशन वालों ने खोदकर डाल दी हैं । खोदी हुई वे सड़कें दोबारा नहीं बनाईं, उनमें वही मिट्टी भर दी है । कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं ।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक बात जानना चाहता हूं । जब हर एक व्यापार में नगद भुगतान होता है, तो फिर किसान के गन्ने को उधार क्यों लिया जाता है? किसान जब गन्ना देता है, तो क्यों नहीं उसको तत्काल उसका भुगतान कर दिया जाता है? आज राशन कार्ड के लिए लंबी-लंबी लाइनें ई-वेरिफिकेशन के नाम पर कंप्यूटर सेंटर्स पर लगी हुई हैं । किसानों का शोषण किया जा रहा है, गरीबों का शोषण किया जा रहा है ।

मान्यवर सभापति जी, मजदूर का तो अंगूठा घिस गया है, अब उसका ई-वेरिफिकेशन कैसे होगा? सरकार को इस पर भी सोचना चाहिए । माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी यहां स्वास्थ्य बीमा कार्ड की बात कर रहे थे, लेकिन आपने कह दिया कि जिसके परिवार में छ: लोग होंगे, उसी का कार्ड बनेगा । इस पर भी कभी सोचने का काम कर

दीजिए । उत्तर प्रदेश के अंदर ?शिक्षा मित्र? आत्महत्या कर रहे हैं । क्या आपको उनका मानदेय नहीं बढ़ाना चाहिए? आप उन्हें अदालत के चक्कर की वजह से परमानेंट नहीं कर सकते, तो उनका मानदेय बढ़ाने का ही काम कर दीजिए ।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

? (*Interruptions*)

श्री आनंद भदौरिया **:** सभापति जी, मैं कंक्लूड कर रहा हूं । वैसे तो अभी हमारी पार्टी का समय है, लेकिन मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं ।

इसलिए, टेलिकॉम कंपनियों ने, बीएसएनएल को छोड़ दीजिए, बाकी सारी कंपनियों से आप नहीं कह सकते थे कि आनन-फानन में इतना रेट क्यों बढ़ा दिया गया? मैं उस रेट को वापस लेने की मांग करता हूं ।

सभापति महोदय, पुलिस ड्यूटी के आठ घंटे किए जाएं और पुलिस को भी छुट्टी देने का काम किया जाए । मैं यह मांग करने का भी काम करता हूं । ?आपदा में अवसर? लगातार आपका यह नारा सुनने को मिलता है । इसीलिए, आपने जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा की प्रीमीयम पर 18 परसेंट लगाने का काम कर दिया ।

माननीय सभापति जी, आर्थिक सर्वेक्षण से यह स्पष्ट है कि देश में मांग का सृजन होना चाहिए, इसलिए, कृषि, ग्रामीण विकास, एमएसएमई तथा मैनुफैक्चरिंग पर बिना ध्यान दिए यह संभव नहीं है और पेट्रोल-डीजल पर भी जीएसटी के दायरे में लाने का काम करना चाहिए, जिससे आम आदमी को कम से कम राहत मिल सके । 78,213 करोड़ रुपए की जो अनक्लेम्ड रकम पड़ी हुई है और बैंक में जो कम पैसा रखने पर 8,300 करोड़ रुपए पड़ा हुआ है, उससे कम से कम किसानों का कर्जा माफ कर दीजिए, लेकिन सभापति जी, मैं जानता हूं कि ये ऐसा नहीं करेंगे, क्योंकि इन्हें उद्योगपतियों का कर्जा माफ करना है । इन्हें पोर्ट किसी एक आदमी को देना है, इन्हें एयरपोर्ट भी उसी उद्योगपति को देना है, इन्हें बिजली भी उसी उद्योगपति को सौंपनी है, क्योंकि आगे आने वाले दिनों में, जब वह उद्योगपति चाहेगा, तो देश ठप कर देगा ।

अंत में मैं कहना चाहूंगा ?

?यहां दरख्तों के साये में धूप लगती है,

चलो यहां से चलें और उम्र भर के लिए ।?

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री बृजेन्द्र सिंह ओला **(झुन्झुनू) :** महोदय, धन्यवाद ।

मैं अपने दल का भी बहुत आभारी हूँ कि मुझे इस वित्त विधेयक पर बोलने का अवसर दिया । इसे देखने से लगता है कि यह धनवानों के लिए, धनवानों के दोस्तों द्वारा, धनवानों से सहानुभूति रखने वाले लोगों द्वारा यह बजट तैयार किया गया है । एक तरफ कारपोरेट जगत को बहुत सारी छूटें दी गई हैं, कहाँ 32 परसेंट उन पर टैक्स लगता था, उसको लाते-लाते 20 परसेंट पर ले आए हैं । दूसरी तरफ जो आम आदमी है, जो नौकरी पेशा लोग हैं, उसके लिए 7 लाख रुपये करके भी बहुत खुशी मना रहे हैं कि 7 लाख रुपये हमने उसकी लिमिट कर दी है और 17 हजार रुपये की उसे छूट दे दी है । यही नहीं, पहली बार बहुत साल बाद ऐसा लग रहा है कि आम

आदमी से यह बजट दूर है । आम आदमी का बजट होता तो आज जो सदन में बात उठकर आयी है, वह नहीं होती । चाहे हमारे महाराष्ट्र के दोस्त बोल रहे थे, चाहे हमारे उत्तर प्रदेश के दोस्त बोल रहे थे । ज्यों-ज्यों बजट की साइज बढ़ी, त्यों-त्यों गरीब को भूलते गए, असंगठित क्षेत्र को भूलते गए, युवाओं को भूलते गए, बेरोजगारों को भूलते गए और सबसे ज्यादा बड़ी मार किसान और किसानी पर की है । यहाँ कहा गया था कि किसान की आय दोगुनी करेंगे, आय दुगनी नहीं की, बल्कि उसका जो कृषि का इनपुट था, उसकी लागत दुगनी कर दी है । अध्यक्ष जी, कृषि की लागत ज्यादा होने के बावजूद कृषि उपकरणों पर जीएसटी लगा दी । फर्टिलाइजर के बोरे का साइज कम कर दिया । किसान का कर्जा माफ करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया । मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वह किसान प्रधान राज्य है । वहां ज्यादातर किसान हैं और वह भी एक फसलीय इलाका है । हमारे किसान बहुत मेहनत से काम करते हैं और आज हालत यह है कि उनकी आय दोगुनी होना तो बहुत दूर की बात है, उन्हें अपनी लागत का मूल्य ही नहीं मिल पाता है । यहां घोषणा की गई कि हम एमएसपी को कानूनी दर्जा देंगे । उसके लिए पूरे बजट में कोई चर्चा नहीं की गई है । आप हेल्थ सेक्टर की बात ले लीजिए । स्वास्थ्य केंद्र से लेकर मेडिकल कालजे तक जो शिक्षा सुविधा है, वह पर्याप्त नहीं है । हमारे प्रथम प्रधान मंत्री जी की बहुत आलोचना की जाती है लेकिन उन्होंने वर्ष 1956 में दिल्ली में जो एम्स बनवाया था, उसके मुकाबले का पिछले दस सालों में कोई एक एम्स भी तैयार नहीं कर पाए हैं । हमारे प्रथम प्रधान मंत्री जी ने उस समय जो आईआईटी खोली, जो आईआईएम खोले, रिसर्च इंस्टीट्यूट्स खोले चाहे आईसीसीएमआर है या साइंस इंस्टीट्यूट है या हिस्ट्री रिसर्च की बात है, ऐसा कोई इंस्टीट्यूशन पिछले दस सालों में यह सरकार नहीं बना पाई है । मेडिकल की भी पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं । गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नहीं है, सुविधाएं नहीं हैं । प्राइमरी हेल्थ सेंटर में सुविधाएं नहीं हैं । सीएचए में सुविधाएं नहीं हैं, जिला अस्पतालों में भी सुविधाएं नहीं हैं । यही कारण है कि आज कुकुरमुत्ते की तरह प्राइवेट सेक्टर में अस्पताल और मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं । इलाज की निशुल्क व्यवस्था की जानी चाहिए थी । हमने राजस्थान में 25 लाख रुपये की निशुल्क मेडिकल की व्यवस्था की थी । एक प्रश्न पर पंजाब से आने वाले हमारे साथी राजा वरिंग जी ने कहा था कि हम बहुत सारी चिट्ठियां लिखते हैं लेकिन आप ऐसी व्यवस्था क्यों नहीं करते हैं कि जो गंभीर रोगी हैं, उनका पूरा इलाज भारत सरकार निशुल्क कराएगी । जब राजस्थान सरकार 25 लाख रुपये का इलाज करा सकती है तो स्वास्थ्य भारत योजना के तहत आप पांच लाख रुपये देते हैं, उस राशि को बढ़ाकर 30 लाख रुपये क्यों नहीं करते हैं? यदि इस देश को आगे ले जाना है, यदि सोसायटी को आगे बढ़ाना है, तो आपको हेल्थ सेक्टर पर खर्च बढ़ाना होगा । आपको एग्रीकल्चर पर खर्च बढ़ाना होगा । वर्ष 2021 में 4.40 परसेंट खर्च करते थे और अब आप वर्ष 2024 में 2.5 परसेंट पर ले आए जाकि इस देश के 54 परसेंट लोग कृषि पर निर्भर हैं । सारी इंडस्ट्री कृषि से चलती है । आप खाद्य सुरक्षा की बात करते हैं, जिसके बारे में आप कह रहे हैं कि आप 80 लाख लोगों को अनाज मुफ्त दे रहे हैं । ऐसा आप सिर्फ किसान के बलबूते पर कर पा रहे हैं । उस किसान के बलबूते पर आप लोगों को मुफ्त अनाज दे पा रहे हैं जो अपने खून पसीने से अन्न पैदा करता है । पुराने लोगों को याद होगा कि पीएल-480 के तहत अमरीका से इस तरह का खाद्यान्न आता था, जिसे पशु भी नहीं खाते थे । यह हिंदुस्तान का किसान है जिसने अपने बलबूते पर इस देश को आत्मनिर्भर बनाया है ।

सभापति जी, मेरे यहां पब्लिक सेक्टर में हिंदुस्तान कॉपर प्रोजेक्ट है, इसमें हजारों लोग काम करते थे । उसमें जो कॉपर उत्पन्न होता है, वह डिफेंस के इक्वीपमेंट्स बनाने के भी काम आता है । उसमें अब केवल 500 आदमी काम कर रहे हैं । मेरी मांग है कि इस कॉपर प्लांट में आधुनिक मशीनें लगाकर शुरू किया जाए । मेरे यहां एक नेशनल हाईवे है, जिसे यूपीए सरकार ने मंजूर किया था । हरियाणा में वह 11 नम्बर नेशनल हाईवे पूरा हो गया है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में 70 किलोमीटर इस हाईवे पर एक इंच भी काम नहीं हुआ है । कृपया इस बारे में भी सरकार ध्यान दे क्योंकि यह केंद्र द्वारा फंडेड प्रोजेक्ट है ।

THE MINISTER OF FINANCE; AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity to respond to several hon. Members who have spoken on the Finance Bill.

The vision of the hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi has been to establish a simple, efficient, fair and equites, technology-driven taxation regime in this country. So, simplification and ease of compliance for the tax payers have been the primary objective with which we have been working for the last 10 years and this year also in the third term of Prime Minister, Shri Narendra Modi. The approach to taxation has been to simplify the taxation, reduce the burden on the tax payers and make sure that it is transparent and equites.

So, this year also, our approach has been that we bring in greater simplification in tax laws and procedures and that we enable growth and employment in this country. So, these twin approaches for making the taxation regime a lot simpler and technology-driven have been our broad principle based on which the proposals have been laid before this august House.

We have actually brought in transformational changes in the tax governance since the last decade. Without drastically increasing taxes and minimising the litigation, we have actually helped, I think, in bringing in a simplified taxation regime with greater transparency, ease of compliance and driven by the trust which we have on our tax payers.

Sir, several hon. Members have spoken about the tax burden on the middle-class. I will, of course, come a bit later to talk about this and respond to individual hon. Members on specific issues. But several Members have spoken broadly on this issue of burdening the middle-class. I will just take some names. Other names will come when I respond them specifically. Amar Singh ji, Arun Nehru ji, Neeraj Maurya ji, Supriya Sule ji, Tanuj Punia ji, Sachithanantham ji and also Avinash Reddy ji ? all of them have spoken about the burden on the middle-class and that the taxes are not really being reduced and so on. In general, I want to put forth before you, Sir, that on some specific items, I believe, the middle-class stands to benefit. I will name them and specify them.

16.50 hrs

(Hon. Speaker *in the Chair*)

